दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। बुधवार 06 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 228 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का लंबी बीमारी के बाद निधन



**नई दिल्ली।** पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का मंगलवार दोपहर लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मलिक ने अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार थे। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। दोपहर 1 बजकर 12 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके सहयोगी कंवर सिंह राणा ने निधन की पुष्टि की है।

पूर्व राज्यपाल ने दोपहर 1 बजकर 12 बजे दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में अंतिम सांस ली। 1975 में लोकदल के गठन के बाद उन्हें अखिल भारतीय महामंत्री नियुक्त किया गया। 1980 में लोकदल के प्रतिनिधि के रूप में

शेष, पृष्ठ 2

## 125 साल पुरानी सुल्लामल रामलीला कमेटी का भूमि पूजन आज



### सांसद अतुल गर्ग करेंगे दो किलो चांदी से बने फावड़े से भूमि पूजन का उद्घाटन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अपनी परंपराओं के लिये पूरे उत्तर प्रदेश में अपनी पहचान स्थापित करने वाली 125 साल पुरानी रामलीला श्री सुल्लामल रामलीला कमेटी का भूमि पूजन आज होगा। वैसे तो भूमि पूजन के साथ ही रामलीला महोत्सव की तैयारियां शुरू हो जाती हैं।

विधिवत रूप से यह रामलीला रावण के दूत की मुनादी से शुरू होती है। आज परंपरागत रूप से भूमि पूजन के साथ रामलीला महोत्सव की शुरूआत होगी। भूमि पूजन के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग होंगे। इस बार भूमि पूजन का मुख्य आकर्षण चांदी का वो फावड़ा रहेगा जिसके कमेटी द्वारा भूमि पूजन के लिये विशेष रूप से तैयार किया गया है। यह फावड़ा शुद्ध चांदी से निर्मित होगा और इसका वजन लगभग दो किलो बताया जाता है। आज भूमि पूजन के उपरांत कमेटी द्वारा भोज की व्यवस्था भी गई है, जिसमें स्वादिष्ट व्यंजनों का इंतजार कमेटी द्वारा किया गया है। सुल्लामल रामलीला भूमि पूजन को परंपरागत आयोजन माना जाता है और ये ऐसा मौका होता है जब सभी दलों के राजनीतिक नेताओं से लेकर पुराने शहर की सामाजिक हस्तियां एकसाथ मिलती हैं।

## रक्षाबंधन पर बहनों की सुरक्षा के लिए प्लान बना रही है कमिश्नरेट पुलिस

### स्नैचिंग रोकना रहेगी बड़ी चुनौती

**- सभी एसीपी स्तर के अधिकारियों को त्यौहारी सीजन में अधिक पैदल गश्त करने का दिया गया निर्देश**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नौ अगस्त को रक्षाबंधन का त्यौहार है और रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर बाजारों और इलाकों में रौनक होनी शुरू हो गई है। रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाएं खरीदारी करने के लिए अधिक निकलती हैं।

ऐसे में उनके साथ स्नैचिंग और लूट की वारदात होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए एसीपी स्तर के अधिकारियों को अधिक से अधिक पैदल गश्त करने लैपड्र्स और चीता वाहनों को अधिक मूवमेंट में रखने का निर्देश दिया है। तो वहीं शातिर लुटेरों की धर पकड़ के लिए क्राइम ब्रांच और स्वॉट टीम को भी फील्ड पर रहने का फरमान सुनाया गया है। पुलिस कमिश्नर की कोशिश है कि त्यौहारी सीजन में लूट और झपटमारी की वारदातें न होने पाएं। इसके साथ ही थाना प्रभारियों को भी अधिक अलर्ट रहना होगा।



### कवि नगर से लेकर तुराब नगर, इंदिरापुरम और शालीमार गार्डन पर अधिक फोकस

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में झपटमारी और स्नेचिंग की वारदात रोकने के लिए पुलिस के अधिकारी इन दिनों मीटिंग में प्लान बना रहे हैं। तो वहीं अभ्यस्त अपराधियों की लगातार पुलिस मॉनिटरिंग कर रही है ताकि कवि नगर की खुली सड़कों, इंदिरापुरम, शालीमार गार्डन, वसुंधरा व तुरब नगर जैसे प्रमुख बाजारों और उनके आसपास महिलाओं के साथ किसी प्रकार की चेन स्नेचिंग और लूट की वारदात न होने पाए।

### बाजारों में तैनात की जाएगी महिला उप निरीक्षक

करंट क्राइम : रक्षाबंधन के अवसर पर बाजारों में भीड़ बढ़ जाती है। महिलाएं अधिक मूवमेंट में रहती हैं, उनके साथ लूटपाट ना हो। इसको रोकने के लिए इस बार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महिला उप निरीक्षकों को तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही पिंक बूथ पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी अलग-अलग ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात किया जाएगा।

## एक ही समय में टकराए भाजपा के दो प्रोग्राम, एक में होनी है तिरंगा अभियान पर चर्चा तो दूसरा है स्व. सुषमा स्वराज के नाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये बाइचांस भी हो सकता है, लेकिन जो भी है एक ही समय में भाजपा के दो कार्यक्रम आ गए हैं और यहां पर दो कार्यक्रम एकसाथ आने से कार्यकताओं के सामने भी अजीब सी स्थिति है।

दरअसल भाजपा का पहला कार्यक्रम साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में आईटीएस कॉलेज के पीछे स्थित मॉडल कॉलेज में है। इस कार्यक्रम या बैठक की अध्यक्षता भाजपा के विजय बहादुर पाठक करेंगे। ये कार्यक्रम भाजपा के तिरंगा अभियान को लेकर रखा गया है। संगठन की दृष्टि से यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये संगठन की बैठक है। इस बैठक में भाजपा तिरंगा अभियान को लेकर चर्चा करेगी, उसकी तैयारियों की समीक्षा करेगी। कार्यक्रम में सभी मंडल के पदाधिकारी बुलाए गए हैं और सभी महानगर के पदाधिकारी भी बुलाए गए हैं। अब जो भी हो यहां एक पेंच फंस गया है क्योंकि दूसरा कार्यक्रम भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान का है। वो इस कार्यक्रम के लिये पिछले



20 दिन से तैयारियों में जुटे हैं। पप्पू पहलवान ने सेवा सुशासन के तहत पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। यह कार्यक्रम साहिबाबाद के आईमी कॉलेज में होना है।

इस कार्यक्रम में दिल्ली की लोकसभा सांसद और सुषमा स्वराज की पुत्री सुश्री बांसुरी स्वराज मुख्य अतिथि होंगी। इसके अलावा इस कार्यक्रम में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी मुख्य अतिथि रहेंगे। बड़ी बात ये है कि इसी कार्यक्रम में शहर विधायक संजीव शर्मा, मेयर सुनीता दयाल, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी और स्वयं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। अब यहां पर यही देखने वाली बात होगी कि मयंक गोयल इस कार्यक्रम में जाते हैं या नहीं जाते हैं, क्योंकि एक कार्यक्रम छह अगस्त का है और दूसरा कार्यक्रम भी छह अगस्त का ही है। कार्यक्रम चार बजे से शुरू होने हैं और चर्चा यही है कि दोनों कार्यक्रमों में कार्यकर्ता किसी प्राथमिकता देंगे। क्योंकि यहां कार्यक्रम के समय को लेकर पेंच फंस गया है।

## सांसद अतुल गर्ग के प्रयास ना हो जाएं बेकार!

### हिंडन एयरपोर्ट से फ्लाइट कैंसिल होने का सिलसिला है बरकरार






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान का रास्ता सुगम किया। उन्होंने इसके लिये प्रयास किये और फिर जिस एयरपोर्ट से कई साल से उड़ान शुरू नहीं हुई थी उस एयरपोर्ट से कई शहरों के लिये उड़ान शुरू हो गई। खुद सांसद अतुल गर्ग भाजपा दल के साथ यहां से शुरू होने वाली गोवा की उड़ान से गए, लेकिन अचानक से रनवे में बाधा आ गई।

लगातार फ्लाइट कैंसिल हो रही हैं और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हिंडन एयरपोर्ट से फ्लाइट कैंसिल होने का सिलसिला बरकरार है। सोमवार को भी हिंडन से पटना, जयपुर, कोलकाता, गोवा और भूवनेश्वर की एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट फिर से कैंसिल हो गई। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि एयर इंडिया एक्सप्रेस शाम को तीन बजे से पहले वाली अपनी फ्लाइट कैंसिल की थी। शाम को तीन बजे के बाद की जो फ्लाइट थी वो अपने पूर्व निर्धारित समय पर हिंडन एयरपोर्ट से डिपार्चर हुई। फ्लाइट कैंसिल होने की सूचना कुछ यात्रियों को सोमवार की सुबह मिली तो कुछ को रविवार रात को। यात्रियों ने सोशल मीडिया पर एयरलाइंस के खिलाफ अपना गुस्सा निकाला। एक हफ्ते पहले ही यहां इसी कारण जमकर हंगामा हुआ।

हिंडन एयरपोर्ट डायरेक्टर ने भी इतना तो कहा कि एक साथ सारी फ्लाइट कैंसिल की गई हैं, लेकिन ये फ्लाइट क्यों कैंसिल की गई हैं इसकी जानकारी नहीं दी गई है। वहीं यात्रियों ने अपनी नाराजगी जाहिर की, उनका कहना है कि लगातार फ्लाइट कैंसिल हो रही हैं और आखिरी समय में ट्रैवल प्लान प्रभावित होता है। बताया जाता है कि अब हिंडन एयरपोर्ट से जयपुर और बैंगलोर की फ्लाइट ही बुक नहीं हो रही हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी जयपुर की फ्लाइट ही स्थगित कर दी है। वेबसाइट पर ह्यनो रूट फाउंडह्व का मैसेज मिल रहा है। सूत्र बताते हैं कि यह पूरा मामला हैंगर को लेकर चल रहा है। हैंगर की व्यवस्था ना होने के कारण हिंडन एयरपोर्ट का फ्लाइट सिस्टम ही हैंग हो गया है। हैंगर वो स्थान होता जहां हवाई जहाज खड़े किये जाते हैं। यहां अतिरिक्त हैंगर नहीं है और इसके लिये एयरपोर्ट अथॉरिटी को कदम उठाने होंगे। अब यही बात निकलकर सामने आ रही है कि जिस एयरपोर्ट के लिये सांसद अतुल गर्ग ने अथक प्रयास किये और इसे अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बनाया अब उसी प्रोजेक्ट को एक बड़ा झटका लगा है। जब इस एयरपोर्ट पर यात्री भी मौजद हैं, लेकिन यहां से फ्लाइट कैंसिल हो रही हैं। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रयास कहीं बेकार ना हो जाएं इसके लिये समय रहते कदम उठाने होंगे और यहां एयरपोर्ट अथॉरिटी को आगे आना होगा।

## हाउस टैक्स मामले में अदालत ने दे दी 25 अगस्त की डेट

### अब याचिकाकर्ता पूर्व पार्षदों को 15 दिन के अंदर करना है अपना जवाब सेट






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के मामले में अब अदालत ने तारीख पर तारीख का सीन शुरू हो गया है। 30 जून को नगर निगम ने इस मुद्दे को लेकर विशेष बैठक हुई थी, जिसमें सर्वसम्मति से कर बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव निरस्त किया गया था। इसी बीच इस पूरे मामले को नगर निगम एक्ट के खिलाफ बताते हुए पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी और पूर्व पार्षद अनिल स्वामी ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

कोर्ट ने 29 जुलाई की डेट निर्धारित की थी। 29 जुलाई को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी थी और अदालत ने पांच अगस्त की तारीख दी थी। इसी बीच नगर निगम ने अपना जवाब दाखिल किया और उसने लगभग सौ पेज के जवाब में कई बातों को आधार बनाया। अदालत में याचिका दाखिल करने वाले पूर्व पार्षदों ने पहले कहा था कि वो निगम द्वारा दाखिल किये गये जवाब से संतुष्ट नहीं हैं और वो अदालत से समय मांगेंगे। पांच अगस्त को अदालत ने पार्षदों को 15 दिन का समय दिया और इस मामले में 25 अगस्त सुनवाई के लिये तय की। अब याचिका दाखिल करने वाले पूर्व पार्षदों को 15 दिन का समय मिला है, जिसमें वह अपने सबूतों के साथ अपना जवाब दाखिल करेंगे। पूर्व पार्षदों ने भी यह तय कर दिया है कि वो नगर निगम के जवाबों के जवाब में अपना जवाब दाखिल करेंगे। सबसे बड़ी बात ये है कि 30 जून की बैठक से लेकर 25 अगस्त का फैसला आने तक कहीं भी नगर निगम ने 30 जून वाली बैठक के मिनट्स का जिक्र नहीं किया है। बहरहाल अब इस मामले में अगली सुनवाई 25 अगस्त को होगी।



# पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन

## लंबे समय से चल रहे थे बीमार , आरएमएल अस्पताल में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली।** पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का मंगलवार दोपहर लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मलिक ने अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार थे। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में उन्होंने आखिरी सांस ली। दोपहर 1 बजकर 12 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके सहयोगी कंवर सिंह राणा ने निधन की पुष्टि की है।

पूर्व राज्यपाल ने दोपहर 1 बजकर 12 बजे दिल्ली के आरएमएल अस्पताल में अंतिम सांस ली। 1975 में लोकदल के गठन के बाद उन्हें अखिल भारतीय महामंत्री नियुक्त किया गया। 1980 में लोकदल के प्रतिनिधि के रूप में उन्हें राज्यसभा भेजा गया। इस बीच उनकी लोकदल के नेताओं से खटपट बढ़ गई, जिसके बाद 1984 में मलिक ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

1986 में कांग्रेस के प्रतिनिधि के तौर पर राज्यसभा भेजे गए और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नियुक्त किए गए थे। 1987 में बोफोर्स घोटोले से दुखी होकर राज्यसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया और जनमोर्चा में शामिल हो गए। 1988 में जनता दल में शामिल हुए और 1991 तक जनता दल के प्रवक्ता और सचिव रहे। 1989 में जनता दल के टिकट पर अलीगढ़ से सांसद चुने गए।

मलिक 2004 में भाजपा में शामिल हुए और बागपत लोकसभा से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। इसके बाद 2005-06 में यूपी भाजपा के उपाध्यक्ष बनाए गए। 2009 में भाजपा किसान मोर्चा के अखिल भारतीय प्रभारी बनाए गए। 2014 में भाजपा के उपाध्यक्ष रहे और चुनावी घोषणापत्र की उपसमिति में कृषि विषयक मुद्दों के अध्यक्ष रहे।

राजस्थान और उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका रही। चार अक्तूबर 2017 को बिहार का राज्यपाल बनाया गया। 2018 में जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल बनाया गया। इसके साथ ही गवर्नर शासन के दौरान मलिक ने भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ सख्त कदम उठाए। उन्होंने वर्षों से रुके पंचायत और निकाय चुनाव करवा कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती दी। विकास कार्यों को गति देने, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए भी कई अहम फैसले लिए गए। हालांकि उनका कार्यकाल विवादों से भी अछूता नहीं रहा। पुलवामा हमले, सुरक्षा मामलों और कथित भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर दिए गए उनके बयान राष्ट्रीय राजनीति में बहस का विषय बने। 30 अक्तूबर 2019 को जम्मू-कश्मीर के पूर्ण राज्य का दर्जा समाप्त होने के साथ यह केंद्र शासित प्रदेश बन गया। इसी के साथ सत्यपाल मलिक का कार्यकाल भी समाप्त हुआ। भाषण शैली ने दिलाई पहचान, लोग हैं मुरीद किसान आंदोलनों से जुड़े रहे सत्यपाल मलिक की सबसे बड़ी पहचान उनकी भाषण शैली है। मेरठ कॉलेज से उनके भाषण देने की कला के चलते ही युवाओं ने उन्हों हाथों हाथ लिया।

### जम्मू-कश्मीर के दसवें और अंतिम राज्यपाल रहे सत्यपाल मलिक

जम्मू-कश्मीर के इतिहास में 23 अगस्त 2018 को सत्यपाल मलिक ने प्रदेश के दसवें और अंतिम राज्यपाल के रूप में पदभार संभाला था। वह इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले राजनीतिज्ञ थे। इससे पहले इस संवेदनशील राज्य की कमान हमेशा पूर्व सैन्य अधिकारियों, नौकरशाहों के हाथों में रही थी। सत्यपाल मलिक का कार्यकाल कई ऐतिहासिक फैसलों और बदलावों का साक्षी भी बना। उनके कार्यकाल में ही केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय हुआ। जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया।



### कब क्या रहे सत्यपाल मलिक

| वर्ष | जिम्मेदारी |
|---|---|
| 1974-77 | विधायक, बागपत |
| 1980-84 | राज्यसभा सांसद |
| 1986-89 | राज्यसभा सांसद |
| 1989-91 | सांसद, अलीगढ़ |
| 1990 | केंद्रीय राज्य मंत्री |
| 2017 | राज्यपाल, बिहार |
| 2018 | राज्यपाल, ओडिशा (अतिरिक्त प्रभार |
| 2018 | राज्यपाल, जम्मू |
| 2019 | राज्यपाल, गोवा |
| 2020 | राज्यपाल, मेघालय |

#### स्वतंत्रता दिवस से पहले सूरक्षा में बड़ी चूक

## लाल किले में बिना रोक-टोक घुसी डमी बस, सात पुलिसकर्मी सस्पेंड



**नई दिल्ली।** उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने ड्यूटी पर तैनात सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। बाद में पता चला कि यह पुलिस का मात्र अभ्यास भर था। किले की सुरक्षा व्यवस्था की परख के लिए स्पेशल सेल की टीम डमी बस लेकर आई थी। स्वतंत्रता दिवस समारोह से ठीक पहले लालकिला की सुरक्षा के बड़े-बड़े दावों के बीच सोमवार को बड़ी घटना घटित हो गई। सुरक्षाकर्मियों से भरी एक डमी बस लाल किले में बिना रोक-टोक दाखिल हो गई और वहां तैनात पुलिसकर्मी सोते रह गए। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।

मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने ड्यूटी पर तैनात सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। बाद में पता चला कि यह पुलिस का मात्र अभ्यास भर था। किले की सुरक्षा व्यवस्था की परख के लिए स्पेशल सेल की टीम डमी बस लेकर आई थी। घटना से सबक लेते हुए लालकिले में तैनात अधिकारियों को नए सिरे से सुरक्षा योजना बनाने के आदेश जारी हो गए हैं।

पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि सुरक्षा की जांच 15 अगस्त से पहले सुरक्षा इंतजामों की जांच के लिए की गई थी। अधिकारियों को इसकी पहले से जानकारी थी, लेकिन सुरक्षा में तैनात स्टाफ को जानबूझकर इसके बारे में नहीं बताया गया। इतनी आसानी से लालकिला के भीतर पहुंच जाना सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

कार्रवाई के बाद पुलिस उपायुक्त ने लाल किला की सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों को तत्काल सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर नए सिरे से प्लानिंग करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा सुरक्षा घेराबंदी को और चाक-चौबंद करने के लिए कहा गया है। फिलहाल वहां पर पुलिस बल की तैनात बढ़ा दी गई है।

### आतंकियों के निशाने पर रहता है लाल किला

बता दें कि लाल किला हमेशा से आतंकियों और असामाजिक तत्वों के निशाने पर रहता है। ऐसे में स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व के दौरान किसी भी तरह की चूक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। फिलहाल, निलंबन के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

### लालकिला में घुसते पांच बांग्लादेशी पकड़े

लालकिला की सुरक्षा व्यवस्था की जांच के बाद चौकसी बरत रहे पुलिसकर्मियों ने सोमवार को लाल किले में जबरन प्रवेश कर रहे पांच बांग्लादेशियों को पकड़ा है। छानबीन के दौरान पता चला कि सभी पांचों अवैध तरीके से भारत में रह रहे थे। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से फर्जी तरीके से बनाए गए आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस ने सभी को डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। इनको वापस बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## वायुसेना-नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइलों का दिया बड़ा ऑर्डर इनसे ही ऑपरेशन सिंदूर में तोड़ी पाकिस्तान की कमर




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने हमारे स्वदेशी हथियारों की ताकत देखी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे एयर डिफेंस सिस्टम, मिसाइल, ड्रोन्स और खासकर ब्रह्मोस मिसाइल ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत को साबित किया। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस मिसाइलों ने अहम भूमिका निभाई थी। अब खबर आई है कि भारतीय वायुसेना और नौसेना ने ब्रह्मोस मिसाइलों का एक बड़ा ऑर्डर देने जा रही हैं। ब्रह्मोस मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अहम भूमिका निभाई थी और पाकिस्तान के सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचाया था।

### जल्द ब्रह्मोस मिसाइल के अधिग्रहण को मिलेगी मंजूरी

एक शीर्ष रक्षा विशेषज्ञ ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया कि रक्षा मंत्रालय की एक उच्च स्तरीय बैठक जल्द होगी, जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्मोस मिसाइलों के अधिग्रहण को मंजूरी दी जाएगी। ये खरीद भारतीय नौसेना के युद्धक जहाजों और भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के लिए की जाएगी। ब्रह्मोस एक लंबी दूरी की सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली है जिसे जमीन, समुद्र और हवा तीनों जगह से प्रक्षेपित (लॉन्च) किया जा सकता है। ब्रह्मोस को डीआरडीओ, भारत और रूस के एनपीओएम द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेशी हथियारों की तारीफ की

नौसेना अपने वीर-क्लास युद्धक जहाजों में ब्रह्मोस मिसाइलों का इस्तेमाल करेगी। वहीं वायुसेना अपने लड़ाकू जहाज एसयू-30 एमकेआई के बेड़े में इन खतरनाक मिसाइलों को तैनात करेगी। हाल ही में प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में भारत में बने हथियारों की तारीफ की थी।

## 'एक रुपये का भ्रष्टाचार न मिला' : सत्येंद्र जैन के खिलाफ केस बंद होने पर सिसोदिया की पहली टिप्पणी

**नई दिल्ली।** आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी मिलने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया की पहली प्रतिक्रिया आई है। जिसमें उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि आठ साल तक जांच चली। लेकिन भ्रष्टाचार का एक रुपया भी बरामद नहीं हुआ। साथ ही उन्होंने भाजपा पर भी तंज कसा। आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया ने एक्स पर लिखा कि आठ साल तक जांच चली। सीबीआई-ईडी की रेड और मीडिया ट्रायल हुआ। यहां तक कि बच्चों के कपड़े तक खंगाले गए। लेकिन कोर्ट में खुद सीबीआई ने कहा कि एक रुपये का भी भ्रष्टाचार नहीं मिला। आगे लिखा कि तो जिन्होंने झूठा केस गढ़ा था। जिन्होंने सत्येंद्र जैन को विलेन बनाकर चैनलों पर चीख-चीखकर टीआरपी बटोरी गई। जिन्होंने ह्लभ्रष्टाचार उजागरह्व की भाजपाई स्क्रिप्ट पढ़ पढ़कर सत्येंद्र को जेल भेजने का जश्न मनाया था।



भाजपा पर तंज कसते हुए लिखा कि भाजपा और उसकी झूठ फैलाने की नौकरी बजाकर जीने वाली जमात को अब माफी मांगनी चाहिए कि देश से, सच्चाई से और उस परिवार से जिसे आठ साल तक बदनाम किया गया। क्या झूठ फैलाने वालों की कोई जवाबदेही नहीं होती है। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने सत्येंद्र जैन पर केस क्लोज होने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक्स पर भारद्वाज ने लिखा कि दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता विजेंद्र गुप्ता झूठी शिकायत करते हैं। एलजी उसे सीबीआई को भेज देते हैं। शिकायत में कुछ होता नहीं, फिर भी सत्येंद्र जैन पर झूठा केस दर्ज होता है। बिना सबूत के सीबीआई जांच शुरू करती है और सत्येंद्र जैन और उनके परिवार और पार्टी को लगातार परेशान किया जाता है। क्या इस तरह के उत्पीड़न के लिए कानूनी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए?

### सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार

लोक निर्माण विभाग में पेशेवरों की अनियमित नियुक्ति और असंबंधित परियोजना निधि से भुगतान के आरोपों से संबंधित एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की तरफ से दायर क्लोजर रिपोर्ट को राउज एवेन्यू कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। मामला दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और अन्य के खिलाफ था।

## बाढ़ से तबाही : पूर्वांचल के 500 से ज्यादा गांव पानी से घिरे प्रयागराज में पांच लाख की आबादी पर संकट





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त है। पूर्वांचल से लेकर बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के जिलों में कई गावों में पानी भरा है। यदि कहा जाए कि बाढ़ से तबाही मची है तो गलत नहीं होगा। लगभग सूखा रहने वाले बुंदेलखंड के जिलों में भी इस बार बाढ़ है। सीएम योगी ने अधिकारियों को मौके पर जाकर राहत बचाव के लिए निर्देशित किया है। साथ ही 11 मंत्रियों की टीम भी 12 जिलों में बाढ़ निगरानी के लिए डटी हुई है। प्रयागराज और वाराणसी में बाढ़ से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। प्रयागराज में सोमवार को गंगा-यमुना में दो दिनों से बढ़ रहे पानी ने प्रयागराज और आसपास के इलाके में पांच लाख की आबादी के सामने गंभीर संकट पैदा कर दिया है। एक ओर जहां सैकड़ों घर बाढ़ की चपेट में हैं। वहीं हजारों लोगों के सामने खाने और पानी का संकट है। दोनों नदियों का जलस्तर 86 मीटर के पार है। यह खतरे के निशान 84.73 मीटर से ऊपर है।

सोमवार शाम थोड़ी राहत भरी सूचना आई कि यमुना का जलस्तर घटने लगा है और गंगा का स्थिर है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने हेलिकॉप्टर से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर दो राहत शिविरों को भी देखा। बारिश और बाढ़ ने हरी सब्जियों का भाव भी उफान पर ला दिया है।

उधर, पूर्वांचल के मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और बलिया में गंगा नदी उफान पर है। भदोही को छोड़कर पांचों जिलों में गंगा खतरा बिंदु के ऊपर बह रही है। छह जिलों के 500 से अधिक गांव बाढ़ के पानी से घिर चुके हैं। वाराणसी में 2022 का रिकॉर्ड तोड़ने के बाद अब गंगा का पानी ट्रॉमा सेंटर वाली सड़क पर पहुंच चुका है। काशी में 84 घाट के 3000 से अधिक मंदिर डूब चुके हैं। अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं मिल रही।

### बंद रहेंगे शिक्षण संस्थान

प्रयागराज में डीएम ने प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा-12 तक के सभी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों में सात अगस्त तक छुट्टी घोषित की है।

### विद्युत विभाग जिला कंट्रोल रूम : शर्मा स्तर पर बनाए अलग

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, बलिया, फतेहपुर, हमीरपुर, बांदा, भदोही, कौशांबी, चित्रकूट, जालौन, आगरा आदि जिलों में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। नगर विद्युत अधिकारियों को विशेष कंट्रोल रूम की स्थापना कर अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। उन्होंने आगे कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। यदि कार्यस्थल से कोई अनुपस्थित मिला तो कठोर कार्रवाई होगी।

सोनभद्र और चंदौली में आठवीं तक मंगलवार को अवकाश रहेगा। गाजीपुर में मंगलवार व बुधवार को 8वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे।

वाराणसी में मंगल और बुध को 12वीं तक, मिर्जापुर में 12 तक के सभी विद्यालय सात अगस्त तक बंद रहेंगे। महोबा, हमीरपुर, जालीन, चित्रकूट, कानपुर और कानपुर देहात में आठवीं तक के स्कूल एक से दो दिन तक बंद रहेंगे।

## बागपत से सप्लाई होती थी डीयू के कॉलेजों में स्मैक 40 लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### लोनी पुलिस को मिली सफलता, डीसीपी ग्रामीण और एसीपी ने दी जानकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के ग्रामीण जोन लोनी पुलिस ने दो ऐसे मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है, जो यूपी के बागपत जिले से हाई क्वालिटी स्मैक को ले जाकर दिल्ली यूनिवर्सिटी के अलग-अलग कॉलेजों में छात्रों को बेचा करते थे।

कई क्लब और पार्टी हाउस में भी यह स्मैक ऑन डिमांड सप्लाई किया करते थे। मंगलवार को डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी और एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि मुख्य आरोपी विकास और मोहन से जो 2 किलो 668 ग्राम स्मैक बरामद की गई है, वह अंतरराष्ट्रीय बाजार के हिसाब से 40 लाख रुपए कीमत की बताई जा रही है। पुलिस को यह सफलता चेकिंग अभियान के दौरान मिली है।



### बैग का रंग बताकर सप्लाई की जाती थी स्मैक

**करंट क्राइम :** पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि विकास और मोनू को स्मैक बागपत में रहने वाला उनका मौसा ऑन डिमांड उपलब्ध कराता था। इसके बाद यह मोटरसाइकिल के जरिए दिल्ली के अलग-अलग कॉलेजों, यूनिवर्सिटी और क्लबों के आसपास माल सप्लाई करने के लिए पहुंचते थे। जिस रंग के बैग में इन्हें माल सप्लाई करना होता था, माल लेने वाली पार्टी को उस बैक का रंग बता दिया जाता था ताकि माल डिलीवरी करने में कोई दिक्कत ना हो। फिलहाल डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी का कहना है कि इस मामले में इनसे जुड़े कई अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। जल्द ही उनपर भी एक्शन लिया जाएगा।

### बाइक से दिल्ली यूपी बॉर्डर में करते थे एंट्री

**करंट क्राइम :** एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार विकास और मोहन दोनों ही ट्रोनिका सिटी के रहने वाले हैं। विकास की उम्र लगभग 18 वर्ष और मोहन 40 वर्ष का है। पुलिस का कहना है कि यह बाइक इस्तेमाल करते थे और बागपत से लेकर दिल्ली के अलग-अलग इलाकों तक इसमें सप्लाई बाइक के जरिए ही की जाती थी। बाइक पर पुलिस अधिक जांच पड़ताल नहीं करती थी और यह आसानी से ऑन डिमांड माल सप्लाई किया कर दिया करते थे।

## धराली में बादल फटने से भारी तबाही, चार की मौत, कई लोग मलबे में दबे




**देहरादून।** उत्तरकाशी जनपद के धराली गांव बादल फटने से खीरगंगा में आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। कुछ लोगों के दबे होने की खबर है। धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। उत्तरकाशी जनपद के धराली गांव में बादल फटने से खीरगंगा में भयंकर बाढ़ आ गई। डीएम प्रशांत आर्य ने बताया की धराली आपदा में अब तक चार लोगों की मौत हुई है। जबकि कई लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना है। पानी का सैलाब गांव की तरफ आते ही लोगों में चीख पुकार मच गई। कई होटलों में पानी और मलबा घुस गया है। धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। कई होटल दुकाने ध्वस्त हो चुकी है। आर्मी हर्षिल/पुलिस/एसडीआरएफ टीम भटवाड़ी के लिए रवाना हुई हैं। उत्तराखंड में भारी बारिश ने तबाही मचाई हुई है। आज मंगलवार सुबह ही उत्तरकाशी बडकोट तहसील क्षेत्र के बनाल पट्टी में भारी अतिवृष्टि होने से चपेट में आई करीब डेढ़ दर्जन बकरियां कुड गदेरे में बह गई। कुड गदेरा उफान पर आने से अफरातफरी मच गई। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक रोहित थपलियाल ने बताया, प्रदेश भर में 10 अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना है। खासकर पर्वतीय इलाकों में तेज दौर की बारिश के आसार हैं। वहीं, बारिश की वजह से सुरक्षा को देखते हुए देहरादून, पौड़ी, टिहरी और हरिद्वार में मंगलवार को भी स्कूल बंद रहेंगे।



### यमुनोत्री हाईवे स्यानाचट्टी के पास सड़क का 25 मीटर हिस्सा धंसा

जनपद में बीती रविवार देर रात से हो रही बारिश के कारण स्यानाचट्टी के पास यमुनोत्री हाईवे का करीब 25 मीटर हिस्सा धंस गया है जिससे आवाजाही बंद हो गई है। वहीं स्यानाचट्टी के एक ओर पहाड़ी से बोल्डर गिर रहे हैं। उधर, गंगोत्री हाईवे सुबह से दोपहर तक कई स्थानों पर अवरुद्ध रहा। इस वर्ष का मानसून की बारिश के कारण यमुनोत्री हाईवे पर परेशानी थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते रविवार देर रात से जारी बारिश के कारण ओजरी डाबरकोट, स्यानाचट्टी के पास मलबा, बोल्डर गिरने से सड़क पर आवाजाही बंद हो गई थी। वहीं स्यानाचट्टी के दूसरी ओर कुपड़ा मोटर मार्ग के समीप करीब 25 मीटर सड़क धंसने से परेशानी बढ़ गई है।

### सीएम धामी ने जताया दुख

धराली उत्तरकाशी क्षेत्र में बादल फटने से हुए भारी नुकसान का सीएम धामी ने गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित टीमें युद्ध स्तर पर जुटी हुई हैं। इस सम्बन्ध में लगातार वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क में हूं।



एनएच विभाग की ओर से ओजरी डाबरकोट सहित पालीगाड और स्यानाचट्टी के समीप एक स्थान पर आवाजाही शुरू करवा दी गई लेकिन सड़क करीब 25 मीटर धंसने से एनएच विभाग की मशीनरी को मार्ग खोलने में परेशानी हो रही है। ईई मनोज रावत मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि बारिश के चलते हाईवे खोलने में दिक्कत आ रही है।

हाईवे धंसने वाली जगह पर शाम तक अंदर की ओर थोड़ा बहुत कटिंग कर छोटे वाहनों को निकालने का प्रयास किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर गंगोत्री हाईवे पर भी सुबह से दोपहर के बीच में डबराणी सहित नाग मंदिर और नेताला के समीप करीब एक से दो घंटे तक मलबा आने के कारण आवाजाही बंद रही। बीआरओ की ओर से उसे खुलवाकर आवागमन सुचारू किया गया।



### दो एमआई और एक चिनूक हेलिकॉप्टर राहत बचाव का अनुरोध

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के पास उत्तरकाशी में बादल फटने की प्राथमिक सूचना प्राप्त हुई है। उत्तराखंड आपदा प्रबंधन विभाग ने भारत सरकार को दो एमआई और एक चिनूक हेलिकॉप्टर राहत और बचाव कार्य के लिए देने का अनुरोध किया है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# 100 दिन में कमिश्नर की वर्किंग रही एकदम वंडर

**152 अपराधियों पर गुंडा एक्ट के तहत हुई कार्रवाई गैंगस्टर की 6 करोड़ की संपत्ति की गई कुर्क**

## हजार अपराधी पहुंचाए जेल के अंदर

**चोरी के 222 वाहन बरामद किए गए बीट पुलिसिंग भी रही है सुधर**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का गाजियाबाद में 100 दिनों का कार्यकाल हो चुका है। बीते 100 दिनों के कार्यकाल के दौरान उन्होंने गाजियाबाद पुलिस की वर्किंग और अपराधियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। तो अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए विभिन्न घटनाओं में शामिल अभियुक्त दबोचे गए हैं। जिसमें 85 बदमाश घायल अवस्था में गिरफ्तार किए गए।

वहीं गुंडा एक्ट के तहत 152 बदमाशों पर कार्रवाई की गई, तो 46 अपराधियों को जिला बदर किया गया है। 21 शातिर अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए दो गैंगस्टर की कुर्की जप्त करने का काम किया गया है। 6 करोड़ 10 लाख रुपए जप्त किए गए हैं। तो वहीं मादक पदार्थों की तस्करी करने के 46 मुकदमों में 58 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

**बदमाशों पर एक्शन**



**एक्शन में सीपी**



**जारी हैं खुलासे**



### 2131 बीट पर कुल 2417 बीट पुलिस ऑफिसर किए गए तैनात

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर द्वारा बीट पुलिसिंग की व्यवस्था शुरू की गई। बीट पुलिसिंग के तहत अब तक 2131 बीट बनाई जा चुकी हैं। जिसके अंतर्गत अबतक 2417 बीट पुलिस ऑफिसर्स और बीट सब इंस्पेक्टर नियुक्त किए गए हैं। जो समय-समय पर अपराधियों से लेकर इलाके के लोगों के सत्यापन और अन्य गतिविधियों पर रखने का काम कर रहे हैं।

### अब तक 21271 आवेदन से लिया जा चुका है फीडबैक

करंट क्राइम : पुलिस की वर्किंग को सुधारने और भ्रष्टाचार को कम करने के मकसद से जन सामान्य को सिटीजन चार्टर के तहत सुविधा प्रदान की जा रही हैं। पुलिस कमिश्नर के द्वारा फीडबैक सेल की भी स्थापना की गई थी। इस फीडबैक सेल की स्थापना के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पासपोर्ट, चरित्र और किरायेदार सत्यापन और अन्य पीड़ितों द्वारा दर्ज की गई शिकायतों की जांच और पुलिस के आचरण के लिए अबतक 21271 आवेदकों के फीडबैक लिया गया है। जिसमें केवल 22 पर नकारात्मक रिपोर्ट मिली है, जो कुल फीडबैक आवेदकों का एक परसेंट बताया जा रहा है।

### साइबर अपराधियों पर भी लगाई जा रही है लगाम




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में क्राइम से लेकर साइबर क्राइम के अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कई तरीके के अभियान शुरू किए जा चुके हैं। जिसमें साइबर चौपाल इन दिनों पुलिस कमिश्न गाजियाबाद द्वारा प्रमुखता से चलाया जा रहा है। अबतक उनके आने के बाद से 78 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जिसमें 28 करोड़, 33 लाख, 57 हजार रुपए का ठगों के द्वारा फ्रॉड किया गया है। तो वहीं तीन करोड़, 7 लाख 70, हजार रुपए से अधिक की धनराशि अब तक अलग-अलग साइबर ठगी के शिकार पीड़ितो को वापस करने में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को सफलता मिली है। इसके साथ ही 16 अलग-अलग साइबर फ्रॉड के मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए, उनके नेटवर्क को तोड़ने का काम किया गया है।

### एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

- कुल मुकदमे 46 दर्ज हुए ।
- गिरफ्तार अभियुक्तों की संख्या 58।
- वाहन चोरी करने वाले 179 अभियुक्त गिरफ्तार,इनसे 222 वहां बारामद किए गए हैं।
- विभिन्न संगीन अपराधों में शामिल 946 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई है।
- पुलिस की 68 अपराधियों से मुठभेड़ हुई। जिसमें 102 अपराधी गिरफ्तार और 85 घायल अवस्था में दबोचा गए।
- 4506 हिस्ट्रीशीटर की गाजियाबाद पुलिस निगरानी रख रही है।
- 17033 लोगों का गाजियाबाद पुलिस ने बीते 100 दिनों में पुलिस सत्यापन किया।
- 10754 चिन्हित अपराधियों का सत्यापन किया गया

### अब रात दो बजे तक ट्रैफिक पुलिस करेगी ड्यूटी



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को ट्रैफिक जाम और अतिक्रमण की समस्या समाप्त करने के लिए जहां पुलिसकर्मियों की संख्या में इजाफा किया गया है। तो वहीं दिन की ड्यूटी सुबह आठ बजे से शाम छह बजे निर्धारित की गई है। तो वहीं रात्रि ड्यूटी शाम चार बजे से रात के दो बजे तक रहेगी। इस दौरान अलग-अलग स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारी, जिसमें निरीक्षक, उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी व आरक्षी स्तर के पुलिसकर्मियों की ड्यूटी को देने का काम करेंगे।

### जांच में नाम हटाने जोड़ने का खेल हुआ कम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में महत्वपूर्ण व्यवस्था की गई है। जिसमें अब जांच अधिकारी को किसी भी गंभीर आपराधिक मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं को जोड़ने या हटाने या आरोपियों के नाम जोड़ने हटाने से पहले जोनल पुलिस आयुक्त एवं सहायक पुलिस आयुक्त से अनुमति लेना अनिवार्य है । इसी के तहत अबतक संबंधित जोनल पुलिस उपयुक्त ने कुल 99 मामलों में एवं एसीपी ने कुल 386 अभिलेख में जांच अधिकारी द्वारा अनुमोदन होने पर यह प्रक्रिया की है। जिसका फायदा यह है कि जांच अधिकारी जांच बढ़ाने और घटाने के साथ ही आरोपियों के नाम कम ज्यादा करने के खेल भी कम हो रहे हैं।

### लाखों लोगों से व्हाट्सएप के जरिए जुड़ रही है गाजियाबाद पुलिस

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस के अधिकारियों द्वारा सोशल मीडिया से लेकर लोगों से सोशली कनेक्ट होने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गाजियाबाद पुलिस बीते 100 दिनों के दौरान अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप में अब तक 1 लाख 20 हजार से अधिक लोगों को जोड़ने का काम कर चुकी है। उनतक अपनी सूचनाओं, समाचारों और महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाने और उनका अपराध से बचने और जागरूक करने का काम भी कर रही है।

### जाम अतिक्रमण लगाने वाले 4338 लोगों पर कसा शिकंजा



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने गाजियाबाद वाले सिस्टम में जाम,अतिक्रमण और मार्ग बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों को पुलिस नोटिस भेजने का काम कर रही है। जिसके तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत अब तक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले 25 थानाक्षेत्रों में 4338 लोगों को नोटिस भेजते हुए यह कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस के तीन एसीपी स्तर के अधिकारियों को इस व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश भी बीते दिनों पुलिस कमिश्नर द्वारा दिए गए थे।

## क्या इस बार का निगम सदन पार्षदों की दृष्टि से है अब तक का सबसे कमजोर सदन!

**- कोई नहीं पहुंचा जीडीए बोर्ड और नगर निगम के जोन चेयरमैन वाली कुर्सी भी है खाली**




**ये पहला सदन है जहां पार्षद अपने हक की आवाज भी नहीं उठा रहे हैं। ऐसे में पार्षदों को ये समीक्षा खुद करनी है वो आखिर कितने मजबूत हैं।**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के सदन की अगर पिछले सदन से तुलना करें तो इस बार नगर निगम में अदावत ये हुई कि टिकट ना मिलने वाले बागियों की बगावत के बाद भी निगम के सदन में भाजपा ने पिछले सदन के मुकाबले दस सीटें फालतू जीतीं और उसके बाद कई अन्य बागी और निर्दलीय पार्षद भाजपा में शामिल हुए। पूरा सदन भाजपा का है और उसके बाद भी ये आवाज अब पूर्व पार्षदों से लेकर वर्तमान पार्षदों तक उठ रही है कि पार्षदों की ताकत के लिहाज ये सदन अब तक के सबसे कमजोर सदन हैं।

पार्षद जब विकास के लिये जाते हैं तो उन्हें कह दिया जाता है कि फंड ही नहीं है। जबकि सपना उन्हें एक-एक करोड़ रुपए के विकास कार्यों का दिखाया गया था। पार्षद अपनी सरकार में धरने पर बैठ जाते हैं और धरने पर उन्हें मनाने के लिये पार्षद दल की मुखिया नहीं बल्कि शहर के विधायक आते हैं। निगम के सदन की मुखिया उन्हें देखकर निकल जाती है जबकि नगर आयुक्त पार्षदों से प्रणाम अभिवादन करके ही जाते हैं। सवाल अब ये उठने लगा है कि आखिर नगर निगम का ये सदन पार्षदों के लिहाज से इतना कमजोर क्यों है। पर्दे के पीछे की बात होती है तो बताया जाता है कि वर्ष 2022 में नगर निगम का चुनाव हुआ था और तब से लेकर अब तक अगर बोर्ड बैठक का अनुपात लगाया जाए तो यह बैठक उस अनुपात में नहीं हुई है जिस अनुपात में होनी चाहिए, जबकि अब ना कोई कोरोना काल चल रहा है और ना ही कोई हड़ताल चल रही है। जिस निगम कार्यकारिणी का चुनाव हो जाना चाहिए वो निगम कार्यकारिणी चुनाव लंबित चल रहा है। वजह कोई कुछ नहीं बता रहा और पार्षद सिर्फ इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2022 में चुनाव हुआ था, वर्ष 2025 आधे से ज्यादा बीत चुका है और नगर निगम के सदन से अब तक एक भी पार्षद चुनकर जीडीए बोर्ड में नहीं पहुंचा है। जीडीए बोर्ड में कोई पार्षद कब पहुंचेगा इसको लेकर कोई पार्षद सवाल नहीं उठा रहा और कोई जवाब भी नहीं दे रहा। नगर निगम के सदन में प्रत्येक जोन में चेयरमैन की व्यवस्था है। जोन के ये चेयरमैन पार्षदों में से ही चुने जाते हैं और नगर निगम के जोन चेयरमैन का कोई जिक्र ही नहीं हो रहा है। आधे से ज्यादा कार्यकाल निकल गया, आखिर कब पार्षद जोन चेयरमैन बनेंगे। यही स्थिति नामित पार्षदों को लेकर है, आधा कार्यकाल गुजर चुका और नामित पार्षद वाली लिस्ट का जिक्र ही नहीं हो रहा है। निगम कार्यकारिणी के चुनाव का अता पता ही नहीं है और सबसे बड़ी बात ये है कि नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष चुनाव काभी मामला ठंडा पड़ा है। नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष कौन बनेगा, कब चुनाव होगा कोई जिक्र तक नहीं हो रहा। अब पार्षद ही कहने लगे हैं कि पार्षदों की ताकत के लिहाज से यह नगर निगम का अब तक का पार्षदों की दृष्टि से सबसे कमजोर सदन है। ना कार्यकारिणी चुनाव हो रहे, ना कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुना जा रहा, ना जोन चेयरमैन की बात हो रही, ना कोई जीडीए बोर्ड सदस्य चुना जा रहा। आखिर पार्षदों को पता तो चले कि उनकी नगर निगम में अहमियत क्या है। पार्षदों के वार्ड में विकास का टोटा है और अधिकारी फंड का टोटा बता रहे हैं।

पार्षद नगर निगम में बैठे हैं और उनके हकों की लड़ाई नगर निगम के पूर्व पार्ष्द कोर्ट में लड़ रहे हैं। अगर पूर्व पार्षद टैक्स को लेकर मोर्चा नहीं खोलते तो ये माहौल भी नहीं बनता। पार्षदों के बीच से ही ये आवाज भी है कि 80 प्रतिशत पार्षद तो कुछ बोलते ही नहीं। सीनियर पार्षद बोल सकते हैं, लेकिन वो अपने पॉलिटिकल फ्यूचर को देखते हुए साइलेंट मोड पर हैं। जो बोल रहे हैं वो निशाने पर आ गए हैं, जिनसे बोलने की उम्मीद है उन्होंने खामोशी साध ली है। ये पहला सदन है जहां पार्षद अपने हक की आवाज भी नहीं उठा रहे हैं। ऐसे में पार्षदों को ये समीक्षा खुद करनी है वो आखिर कितने मजबूत हैं। जिन सीनियर पार्षदों से कुछ बोलने की उम्मीद की जा रही है उन्होंने पदों के लालच में मौन साध लिया।

## जब पूरे विश्वास से कवि कुमार विश्वास ने रखा चेयरमैन विभू बंसल के कंधे पर हाथ

**तब चेयरमैन ने कहा, वो हैं हमारे बड़े भाई और दशकों पुराना है ये साथ**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक कहावत है कि अपने वतन की माटी, अपने वतन के लोग अपने ही होते हैं। इंसान कितनी भी ऊंचाईयों पर पहुंच जाए, लेकिन वो कभी अपनी मातृभूति को नहीं भूलता, अपने बचपन के साथियों को नहीं भूलता और अपने होम टाउन को नहीं भूलता। कुछ ऐसा ही अंदाज रहा कवि कुमार विश्वास का। वो अपने पैतृक टाउन पिलखुवा में आए थे और एक कार्यक्रम के दौरान उनका और पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल का अंदाज छाया रहा। एक तस्वीर आई जिसमें कवि कुमार विश्वास पूरे विश्वास के साथ पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल के कंधे पर हाथ रखे हुए हैं। दरअसल ये आत्मविश्वास, आत्मीयता और ये अपनापन इस कंधे और हाथ में दिखाई दे रहा है। ये अंदाज बता रहा है कि संबंध पुराने हैं, आत्मीयता पुरानी है और जब कवि कुमार विश्वास के पास माइक आया तो उन्होंने इस बात को अपने शब्दों के जरिये साझा किया। करंट क्राइम ने कंधे पर हाथ और साथ को लेकर पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल से बात की। इस सवाल पर चेयरमैन विभू बंसल पुरानी यादों में खो गए। उन्होंने कहा कि यह बचपन से जुड़ी यादें हैं और ये साथ कोई आज या कल का नहीं है बल्कि ये साथ दशकों पुराना है।



उन्होंने कहा कि लगभग 25 सालों का ये संबंध है और तभी से हम लोग साथ हैं। उन्होंने कहा कि देश और विदेश के सुप्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास हमेशा से मेरे बड़े भाई हैं और ये जो हाथ मेरे कंधे पर है ये हमेशा से रहा है और आप इसे एक बड़े भाई का आशीर्वाद भी मान सकते हैं। ये दोस्ताना अंदाज भी है और भाई का प्यार भी है। बहरहाल ये तस्वीर संबंधों की गहराई को बता रही है और सभी का ध्यान इस तस्वीर ने खींचा और यहां कवि कुमार विश्वास भी अपने इस अंदाज से छा गए। वो ये संदेश देने में पूरी तरह सफल रहे जब व्यक्ति अपनों के बीच होता है तो फिर उसका अपनापन दिखाई देना चाहिए। उसकी आत्मीयता दिखाई देनी चाहिए और कवि कुमार विश्वास ने पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल के कंधे पर हाथ रखकर ये संदेश बखूबी दिया।

### जब बोले विश्वास- हो सकता है हमारा भाई सांसद और विधायक



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बात पुराने रिश्तों की थी, बात बचपन से लेकर अब तक की थी और बात अपनेपन की थी। कहानी केलव कंधे पर हाथ तक सीमित नहीं और कहानी जुबान पर भी आई। कवि कुमार विश्वास ने जब मंच पर माइक थामा तो उन्होंने फिर से विभू बंसल को लेकर अपनी बात कही और यहां भी शब्दों में भाई शब्द का इस्तेमाल किया। कवि कुमार विश्वास ने पिलखुवा चेयरमैन विभू बंसल के लिये बोलते हुए कहा कि हमारा भाई कल को सांसद और विधायक भी हो सकता है। आप लोग ये मत मानना कि ये चेयरमैन ही रहेगा। इसे भविष्य के लिये शुभकामनाएं भी कहा जा सकता है और ये संबंधों की मधुरता का भा द्योतक है, जब एक बड़ा भाई अपने छोटे भाई के सुखद सफल राजनीतिक भविष्य की कामना मंच से कर रहा है।

### स्व. लाला बालमुकुंद गोयल की मूर्ति का हुआ अनावरण

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पिलखुवा नगर में प्रेमवती देवी मारवाड़ कन्या इंटर कॉलेज में स्व. लाला बालमुकुंद गोयल की जन्म शताब्दी पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर एक सभागार का भी लोकार्पण हुआ तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के अवसर पर सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर पिलखुवा नगर पालिका चेयरमैन विभू बंसल, कथा व्यास पंडित राजेंद्र प्रसाद पांडेय, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, दिनेश कुमार गोयल, अतुल कुमार जैन, डॉ. वागीश दिनकर सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।



## संपादकीय

# तोल मोल के बोल

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सेना के खिलाफ दिए गए ह्यआपत्तिजनकन्ह बयान के मामले में कड़ी नसीहत दी है। यह दरअसल सार्वजनिक जीवन में मौजूद हर शख्स के लिए सीख है कि उसे अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। ऐसे बयान केवल जनता को ही गुमराह नहीं करते, सेना जैसी संस्था के मनोबल पर भी असर डालते हैं। गलतबयानी से संदेह राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है, 20 जवानों को मारा गया और अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सैनिकों को पीटा गया। उन्होंने जब यह बयान दिया तब भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव चरम पर था। वैसे भी दोनों देशों के बीच का सीमा विवाद लंबे समय से उलझा हुआ है और दोनों के कूटनीतिक रिश्तों में यही सबसे नाजुक कड़ी है। ऐसे में राहुल गांधी के बयान ने देश के भीतर सीमा के हालात को लेकर संदेह पैदा किया। उचित फोरम पर बात मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए ही सुप्रीम कोर्ट की तरफ से इतनी सख्त टिप्पणी आई कि एक सच्चा भारतीय ऐसा बयान नहीं देगा। शीर्ष अदालत ने बिल्कुल सही कहा कि राहुल गांधी के पास अपनी बात रखने और सरकार से सवाल पूछने के लिए संसद जैसा मंच है। अगर उन्हें लग रहा था कि सरकार तथ्यों को देश से छिपा रही है, तो वह सदन में यह मुद्दा उठा सकते थे, जिससे ज्यादा दबाव बनता। सोशल मीडिया उचित प्लैटफॉर्म नहीं, जहां राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसले पर बहस हो। चीन को मुंहतोड़ जवाब राहुल गांधी की मंशा भले ही सेना का अपमान करने या उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की न रही हो, लेकिन इससे संदेश यही गया कि वह भारतीय सेना को कमतर आंक रहे हैं। हालिया बरसों में हुए टकरावों में, जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी से लेकर अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर तक, भारतीय सेना ने चीन की हर आक्रामकता का मुंहतोड़ जवाब दिया है। इसमें कुछ नुकसान जरूर हुआ, लेकिन वह संघर्ष की कीमत होती है और चीन को भी उसे चुकाना पड़ा है। सुधार का मौका सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले पर फिलहाल रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत की टिप्पणियों को इस रूप में देखा जाना चाहिए कि राजनीतिक बयानबाजी की भी कुछ मयार्दाएं होती हैं। बात जब सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हो, तो जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। इनका ख्याल रखना केवल सरकार का नहीं, सभी का कर्तव्य है।

# गौतम अदाणी ने अदाणी पोर्टस के कार्यकारी अध्यक्ष का पद छोड़ा

## कंपनी ने फाइलिंग में दी जानकारी



**नई दिल्ली।** गौतम अदाणी 5 अगस्त 2025 से अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष पद छोड़ दिया है। कंपनी ने मंगलवार को एलान किया। इस फैसले के बाद, गौतम अदाणी अब कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय कर्मचारी नहीं रहेंगे। अदाणी पोर्ट्स ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में बताया है कि बोर्ड ने 5 अगस्त, 2025 से गौतम एस. अदानी को कार्यकारी अध्यक्ष से गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पुनः नामित करने को मंजूरी दे दी है। अब वे कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय कर्मचारी नहीं रहेंगे।

कंपनी ने मनीष केजरीवाल को तीन साल के शुरूआती कार्यकाल के लिए अतिरिक्त गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। वह एक निजी इक्विटी फर्म के संस्थापक और प्रबंध भागीदार हैं। कंपनी ने बताया- शुद्ध मुनाफा 6.54% बढ़कर 3310.60 करोड़ रुपये हुआ अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने मंगलवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 6.54 प्रतिशत बढ़कर 3,310.60 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने नियामकीय फाइलिंग में बताया वित्त वर्ष 2025 की अप्रैल-जून अवधि में उसे 3,107.23 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय बढ़कर 9,422.18 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 8,054.18 करोड़ रुपये थी। इस अवधि में व्यय भी बढ़कर 5,731.88 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 4,238.94 करोड़ रुपये था। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक व सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा, इस तिमाही में 21 प्रतिशत राजस्व वृद्धि हमारे लॉजिस्टिक्स और समुद्री व्यवसायों में असाधारण गति से प्रेरित है, जो क्रमशः 2 गुना और 2.9 गुना बढ़े हैं। गुप्ता ने कहा, ट्रकिंग और अंतरराष्ट्रीय माल नेटवर्क सेवाओं के विस्तार व एमईएएसए (मध्य पूर्व अफ्रीका दक्षिण एशिया) क्षेत्र में तेजी बढ़ा रहे हैं। हम अपनी विविधतापूर्ण समुद्री बेड़े के साथ अपनी मूल्य श्रृंखला को बंदरगाह से ग्राहकों के द्वार तक विस्तारित कर रहे हैं।

# असम में आय से अधिक संपत्ति मामले में कार्रवाई पूर्व आईएएस अधिकारी के आठ परिसरों पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंगलवार को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सेवाली देवी शर्मा से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। धन शोधन का यह मामला असम के मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ के निर्देश पर राज्य पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी से संबंधित है। प्रवर्तन निदेशालय ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंगलवार को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सेवाली देवी शर्मा से जुड़े परिसरों की तलाशी ली।

एजेंसी ने असम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष-सह-निदेशक शर्मा से जुड़े कम से कम आठ परिसरों पर छापे मारे हैं। धन शोधन का यह मामला असम के मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ के निर्देश पर राज्य पुलिस की ओर से दर्ज की गई प्राथमिकी से संबंधित है। शर्मा पर पहले पुलिस ने 5.7 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप लगाया था। ईडी की कार्रवाई पर टिप्पणी के लिए पूर्व नौकरशाह से तत्काल संपर्क नहीं हो सका। सूत्रों के अनुसार, शर्मा एससीईआरटी के मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा प्रकोष्ठ (ओडीएल) के कार्यकारी अध्यक्ष-सह-निदेशक



के रूप में कार्यरत थे और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार थे। राज्य सरकार ने इससे पहले 59 संस्थानों के निर्माण और 27,897 शिक्षकों के प्रशिक्षण को मंजूरी दी थी। शर्मा पर आरोप है कि उन्होंने अधिक धन जुटाने के लिए 347 अध्ययन केंद्र खोले और 1,06,828 प्रशिक्षुओं को नामांकित किया। सूत्रों ने बताया कि शर्मा ने ओडीएल सेल के लिए पांच बैंक खाते खोले, जहां वह एकमात्र हस्ताक्षरकर्ता थीं, जो असम वित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम 2005 का उल्लंघन था।

सूत्रों ने बताया कि व्यक्तियों से फीस के रूप में प्राप्त 115 करोड़ रुपये में से उन्होंने कथित तौर पर राज्य सरकार से वित्तीय मंजूरी प्राप्त किए बिना 105 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर दिए। उन्होंने दावा किया कि नियमों और प्रक्रियाओं का पालन किए बिना आपूर्ति और कार्यों के निष्पादन पर व्यय किया गया तथा सामग्री की पूरी आपूर्ति किए बिना ही भुगतान जारी कर दिया गया तथा कोई काम नहीं किया गया।

ईडी की जांच के अनुसार, ये ठेके शर्मा के सहयोगियों या परिवार के सदस्यों (दामाद, बेटी) के स्वामित्व वाली या उनके नियंत्रण वाली संस्थाओं को दिए गए थे, साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट सारंग मोरे को भी दिए गए थे, जो ओडीएल सेल का ऑडिटर था। सूत्रों के अनुसार ये ठेके बिना विज्ञापन या निविदा आमंत्रण के दिए गए। इसे सरकार की ओर से 5 लाख रुपये से अधिक की प्रत्येक खरीद के लिए निर्धारित किया गया था।

# लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 308 अंक लुढ़का, निफ्टी भी फिसला



**नई दिल्ली।** मंगलावर को भारतीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 308.47 अंक गिरकर 80,710.25 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 73.20 अंक गिरकर 24,649.55 अंक पर आ गया। आइए जानते हैं। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 308.47 अंक या 0.38 प्रतिशत गिरकर 80,710.25 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 73.20 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 24,649.55 पर बंद हुआ। भारत पर 25 टैरिफ लगाने के अमेरिका के एलान के बाद बाजार में जारी उथल-पुथल के बीच रुपया मंगलवार को डॉलर के मुकाबले 15 पैसे की गिरावट के साथ 87.81 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ।

# अदाणी पोर्टस का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 6.54 फीसदी बढ़ा

## राजस्व बढ़कर 9422 करोड़ हुआ



**नई दिल्ली।** कई कंपनियां तिमाही नतीजों की घोषणा कर चुकी हैं। इस बीच मंगलावर को अदाणी पोर्ट्स ने मंगलावर को बताया कि कंपनी ने जून तिमाही के मुनाफे में 6.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वहीं कंपनी का राजस्व बढ़कर 9,422.18 करोड़ रुपये हो गया। अदाणी पोर्ट्स ने जून तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ में 6.54 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। यह बढ़कर 3,310.60 करोड़ रुपये हो गया। वहीं पिछले साल कंपनी को 3,107.23 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने बताया कि पहली तिमाही में कुल आय बढ़कर बढ़कर 9,422.18 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 8,054.18 करोड़ रुपये थी। वहीं इस अवधि में खर्च भी बढ़कर 5,731.88 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पूर्व 4,238.94 करोड़ रुपये था। कंपनी ने 21 प्रतिशत राजस्व वृद्धि दर्ज की है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- केवल 8 में से 1 पुरुष शेर वयस्कता होने तक जीवित रहते हैं। अधिकांश शेर लगभग 2 वर्ष की आयु के आसपास उनके झुण्ड से बाहर निकाल दिए जाने के तुरंत बाद मर जाते हैं!
- दो आदमखोर 9 फीट लंबे इंसानों का भोजन करने वाले शेरों ने साल 1898 में केन्या में 135 से अधिक श्रमिकों को खाया था।
- जब शेर बाघों से ब्रीड करते हैं, तो उसके परिणामस्वरूप हाइब्रिड को लाइगर और टाइगन कहा जाता है। यहां शेर और तेंदुए के हाइब्रिड भी हैं, जिन्हें लेपन्स के रूप में जाना जाता है और शेर और जगुआर हाइब्रिड, जिन्हें जेगलंस कहा जाता है।
- अफ्रीकी शेर बड़े जानवरों को खाते हैं जो की घास के मैदानों में पाए जाते हैं, जिनमें हिरन, जेबरा और अजीब तरह के प्राणी शामिल है।
- आपको जानकर हैरानी होगी की साल 2002 में, संरक्षणवादी लोगों के आश्चर्य की बात है, एक शेरनी एक हिरन के बच्चे को गोद लेती है और उसे बचाती है! हालांकि, दो हफ्ते बाद, एक नर शेर ने बच्चे को खा डाला, जब शेरनी सोयी हुई थी। आश्चर्य की बात यह है की शेरनी को बहुत ही दु:ख के साथ घूमते देखा गया था और वह क्रोध में दहाड़ते हुए घूमते देखी जा सकती थी।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला है। इस समय आप जो भी कहें, बहुत सोच-समझकर कहें। कार्यस्थल पर जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें।

**वृष:** आज का दिन शानदार रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, आज उन्हें अपने किसी काम के लिए वेतनवृद्धि मिल सकती है।

**मिथुन:** आपकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी और बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों के दबाव और घर में दरार के कारण तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क:** यह अवधि मिश्रित प्रभाव देती है। आपको नए अवसर प्राप्त होंगे और उनका लाभ उठाएं। आज व्यापार और वित्तीय लाभ संभव है।

**सिंह:** आज व्यवसायी काम के सिलसिले में किसी दूसरे शहर की यात्रा कर सकते हैं. महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है।

**कन्या:** आज का दिन बहुत ही आसान रहेगा। चिंता मत करो। सहकर्मियों के सहयोग से विभिन्न कार्य पूरे होंगे, व्यक्तिगत परिचितों से लाभ होगा।

**तुला:** आज आपको कई लाभ मिल सकते हैं लेकिन अगर आप पैसे कमाने के आसान तरीकों की तलाश में हैं, तो आप केवल बुरे बदलावों को आमंत्रित कर रहे हैं।

**वृश्चिक:** जीवन में किसी तरह के बदलाव के बारे में सोच सकते हैं। साथ में काम करने वाले लोगों से भी इस बारे में बात करेंगे। हर कोई आपके लिए मददगार साबित होगा।

**धनु:** आज आपकी छोटी सी गलती के कारण हाथ में अवसर निकल सकते हैं। लव लाइफ के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है।

**मकर:** नौकरीपेशा लोगों को सलाह दी जाती है कि वे थोड़ा समय बिताएं। कुछ जातकों द्वारा नया वाहन खरीदा जा सकता है। परिवार के साथ अधिक समय बिताना शुभ रहेगा।

**कुंभ:** आपकी पर्सनैलिटी से चारों तरफ महक उठेगी। आपको कोई बड़ी प्रसिद्धि मिल सकती है। परिवार में कोई जरूरी काम पूरा होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन:** आज आपको व्यापार में लाभ होगा। आपका विचार किसी एक चीज पर स्थिर नहीं रहेगा और वह लगातार बदलता रहेगा। स्वभाव में उदासीनता रहेगी।

## चुटकुले

मेरे एक पड़ोसी है, जिनका नाम है भगवान
और उनकी लड़की का नाम है भक्ति,
मम्मी बोलती है कि,
बेटा भगवान की भक्ति में मन लगाया कर
अब मम्मी को कैसे समझाऊ की
भक्ति में तो मन लगाता हुँ, पर
भगवान नहीं मान रहे।

---

आदित्य अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया,
लड़की का पिता: मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी
अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
आदित्य: बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूँ.
दे जूते.. दे चप्पल !

---

इस मतलबी दुनिया में,
एक पान वाला ही है,
जो पूछ कर चूना लगाता है !

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# 'ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी बदल दी', बोले पहलवान अमन सहरावत, कहा- अब स्वर्ण की है तैयारी



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने से अमन सहरावत के कंधों से काफी बोझ उतर गया है लेकिन इस युवा पहलवान का कहना है कि वह इस उपलब्धि को पहले ही भूल चुके हैं क्योंकि अतीत की उपलब्धियों पर बैठे रहने से वह अपने बड़े सपनों को पूरा नहीं कर पाएंगे। छोटी सी उम्र में अनाथ हो जाने के कारण बिरोहर में जन्मे इस पहलवान के लिए जिंदगी आसान नहीं रही। उनके चाचा ने उनका पूरा साथ दिया, लेकिन पारिवारिक ज़िम्मेदारियां अमन पर भारी पड़ती रहीं, लेकिन पिछले वर्ष पेरिस में कांस्य पदक जीतने से उन्हें पहचान और पैसा मिला, जिससे उनका जीवन आसान हो गया।

विश्व चैंपियनशिप के लिए 57 किग्रा चयन ट्रायल जीतने के बाद अमन ने कहा, 'ओलंपिक पदक ने मेरी जिंदगी 90 फीसदी बदल दी। इससे पहले मुझे कोई नहीं जानता था। पहले मेरे प्रदर्शन पर गौर नहीं किया जाता था, लेकिन पेरिस की सफलता के बाद लोग मुझे जानने लगे, मेरा सम्मान करने लगे। मुझे लगा कि मैंने देश के लिए कुछ किया है और 10-15 साल की कड़ी मेहनत रंग लाई है।'

उन्होंने कहा, 'ओलंपिक पदक भगवान का आशीर्वाद है। मुझे जीतने की उम्मीद भी नहीं थी। महिला पहलवानों से तो उम्मीदें ज्यादा थीं। ये तो भगवान का दिया प्रसाद ही है। इससे मुझे भी प्रेरणा मिली। लोग अब मुझसे स्वर्ण पदक की उम्मीद कर रहे हैं। मैं अपने कांस्य पदक को पहले ही भूल चुका हूं। मैं इससे संतुष्ट होकर यह नहीं कह सकता कि मैंने काफी कुछ हासिल कर लिया है। अब मैं स्वर्ण पदक के लिए तैयारी कर रहा हूं।'

शीर्ष स्तर पर सफलता ने किस प्रकार उनके जीवन को बदल दिया, इस बारे में उन्होंने कहा, 'अब मैं जो चाहूं खरीद सकता हूं। पहले मुझ पर दबाव था कि भविष्य में मुझे अपनी छोटी बहन को पढ़ाना है और उसकी शादी करनी है। अब मैं निश्चिंत होकर अभ्यास कर सकता हूं। अब मुझे पैसों की चिंता करने की जरूरत नहीं है। ऐसा नहीं है कि हमारा ध्यान नहीं रखा गया। मेरे चाचा ने हमेशा हमारा साथ दिया है, लेकिन एक बड़े भाई की जिम्मेदारी क्या होती है इसके बारे में तो सभी सोचते हैं।'

पेरिस ओलंपिक के बाद से अमन ने सिर्फ दो टूनार्मेंटों में हिस्सा लिया है। वह सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं ले पाए थे। उन्होंने कहा, 'ओलंपिक के बाद, मैंने सोचा था कि मैं विदेश में अभ्यास करूंगा लेकिन चीजें हमेशा वैसी नहीं होतीं जैसी आप उम्मीद करते हैं। फिर मैं चोटिल भी हो गया। ओलंपिक पदक जीतने के बाद हारने का डर भी मुझ पर हावी हो गया था। मैंने सोचा अगर मैं हार गया तो लोग कहेंगे कि सफलता ने मुझे बिगाड़ दिया है। इसलिए, कोचों ने कहा कि आप एक अलग स्तर पर हैं और मैट पर उतरने के लिए आपको अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।'

## पांचवा ऑल इंडिया विपिन सिरोही मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट

# गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकडेमी रेड ने जीता 12 से 16 साल आयु वर्ग का खिताब



**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के मैदान पर खेली जा रही पांचवी ऑल इंडिया विपिन सिरोही मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को 12 से 16 आयु वर्ग का फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकडेमी रेड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरु तेग बहादुर स्कूल क्रिकेट एकेडमी इलेवन को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी इलेवन ने 19.5 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर 181 रन बनाए। उनकी ओर से शिवम ने 47 रन, अभिजीत ने 43 रन और हिमांशु व शौर्य ने 35-35 रनों का योगदान दिया। रेड टीम की ओर से कुणाल ने चार विकेट और कुश व वैभव ने 3-3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकडेमी रेड की टीम ने 18.5 ओवर में नौ विकेट पर 182 रन बनाकर जीत हासिल की। उनकी ओर से अहमद ने 45 रन, उमर ने 42 रन, अजहर ने 39 रन व खुशी ने 29 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में हिमांशु ने तीन, हिदायत ने दो विकेट लिए। मुख्य अतिथि एआईजीसीएल के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल ने विजेता टीम को सम्मानित किया।

# आईएसएल को रोके जाने का मामला, एआईएफएफ के शीर्ष अधिकारी आठ क्लबों के सीईओ से करेंगे मुलाकात



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के शीर्ष अधिकारी देश के आठ क्लबों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रोके जाने के बाद देश के फुटबॉल की वर्तमान स्थिति और दिशा पर व्यक्त की गयी उनकी चिंताओं को दूर करने की कोशिश करेंगे।

आईएसएल के ये आठ क्लब अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। आईएसएल के आयोजक (फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड झ एफएसडीएल) ने राष्ट्रीय महासंघ के साथ मास्टर राइट्स एग्रीमेंट (एमआरए) के नवीनीकरण नहीं होने पर देश की शीर्ष फुटबॉल लीग पर रोक लगा दी है। एआईएफएफ और एफएसडीएल के बीच 15 साल का एमआरए 18 दिसंबर को समाप्त हो रहा है।

एआईएफएफ ने एक्स पर लिखा, 'एआईएफएफ अधिकारी सात अगस्त 2025 गुरुवार को नई दिल्ली में इंडियन सुपर लीग के आठ क्लबों के सीईओ के साथ भारतीय फुटबॉल से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे।' एआईएफएफ (एआईएफएफ) के साथ ह्रासकारात्मक बातचीतह्ण की मांग करने वाले पत्र पर बेंगलुरु एफसी, जमशेदपुर एफसी , एफसी गोवा , हैदराबाद एफसी , केरल ब्लास्टर्स , नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी, ओडिशा एफसी और पंजाब एफसी ने हस्ताक्षर किए हैं।

इस पर हालांकि कोलकाता के तीनों क्लब मोहन बागान सुपर जायंट, ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के साथ मुंबई सिटी एफसी और चेन्नईयिन एफसी के अधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं है। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे पिछले ने यह आश्वासन दिया था कि इस आईएसएल के आगामी सत्र का आयोजन होगा। उन्होंने हालांकि शीर्ष-स्तरीय घरेलू प्रतियोगिता के शुरू होने की तारीख के बारे में कुछ नहीं बताया। आईएसएल का सत्र आम तौर पर सितंबर से अप्रैल तक चलता है।

## डीपीएल में आरसीबी के गेंदबाज ने मचाया कोहराम

# अपनी जादुई बॉलिंग से यूं लिए 4 विकेट





**नई दिल्ली:** आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने पुरानी दिल्ली 6 को दिल्ली प्रीमियर लीग-2025 (डीपीएल) के छठे मैच में 82 रन से करारी शिकस्त दी। यह इस सीजन आउट दिल्ली वॉरियर्स की पहली जीत रही, जिसके साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर है। टीम को सीजन के शुरूआती मुकाबले में न्यू दिल्ली टाइगर्स के हाथों 40 रन से हार झेलनी पड़ी थी। वहीं, सीजन का अपना पहला मैच गंवाकर पुरानी दिल्ली 6 प्वाइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर है। इस मैच में आउट दिल्ली वॉरियर्स की जीत में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार स्पिनर सुयष शर्मा ने अहम भूमिका निभाई।

149 रन के टारगेट का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली 6 की टीम 14.3 ओवरों में महज 66 रन पर सिमट गई। टीम ने 14 के स्कोर पर आरुष मल्होत्रा (5) का विकेट गंवाया, जिसके बाद विकेटों का पतझड़ लग गया। सलामी बल्लेबाज समर्थ सेठ ने 17 गेंदों में 18 रन की पारी खेली, जबकि ललित यादव ने 24 गेंदों में 20 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

आउटर दिल्ली वॉरियर्स की ओर से सुयश शर्मा ने 17 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट झटके, जबकि शौर्य मलिक ने तीन शिकार किए। इनके अलावा शिवम शर्मा और हर्ष त्यागी को एक-एक सफलता हाथ लगी। बता दें कि सुयष शर्मा के सामने पुरानी दिल्ली 6 के खिलाड़ी संघर्ष करते नजर आ रहे थे। शर्मा ने उनको अपनी जादुई गेंदों में उलझा रखा था।

अरुण जेटली स्टेडियम में मंगलवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी आउटर दिल्ली वॉरियर्स की टीम 148 के स्कोर पर सिमट गई। इस टीम ने पूरे 20 ओवर खेले। प्रियांश आर्य ने सनत सांगवान के साथ पहले विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की। प्रियांश 16 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सांगवान ने 15 गेंदों में ताबड़तोड़ 26 रन बनाए। उनकी इस पारी में दो छक्के और इतने ही चौके शामिल रहे। टीम के लिए कप्तान सिद्धांत शर्मा ने 14 गेंदों में 21 रन की पारी खेली, जबकि हर्ष त्यागी ने 17 और ध्रुव सिंह ने 19 रन का योगदान दिया। विपक्षी टीम की ओर से उद्धव मोहन ने 26 रन देकर सर्वाधिक पांच विकेट झटके, जबकि रजनीश दादर और प्रदीप पाराशर ने दो-दो विकेट अपने नाम किए।

# राष्ट्रमंडल खेल टीम करेगी अहमदाबाद का दौरा 2030 की मेजबानी हासिल करने की कवायद



**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल निदेशक डैरेन हॉल के नेतृत्व में राष्ट्रमंडल खेल अधिकारियों का एक दल मंगलवार से तीन दिन के लिए अहमदाबाद का दौरा करेगा। यह दल आयोजन स्थलों का निरीक्षण करेगा और गुजरात सरकार के अधिकारियों से मुलाकात करेगा क्योंकि भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की संभावनाएं बढ़ रही हैं।

यह दल रविवार को राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा और मंगलवार को अहमदाबाद में होगा। अगर भारत को मेजबानी का अधिकार मिलता है तो अहमदाबाद प्रस्तावित मेजबान शहर है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया, 'हां, राष्ट्रमंडल खेल (जिसे पहले राष्ट्रमंडल खेल महासंघ के नाम से जाना जाता था) की एक टीम नयी दिल्ली में है और पांच से सात अगस्त तक अहमदाबाद का दौरा करेगी।'

मेहमान दल ने यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अधिकारियों से मुलाकात की। अधिकारी ने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेल का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में दौरा करेगा।' पिछले महीने कनाडा के बोली की दौड़ से हटने के बाद भारत के 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी हासिल करने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए आशय पत्र सौंपा है और अहमदाबाद को मेजबान शहर चुना गया है। देश को 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा। राष्ट्रमंडल खेल की आम सभा नवंबर के अंतिम सप्ताह में ग्लास्गो में मेजबान देश का फैसला करेगी।

# इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय बने सिराज, बुमराह की बराबरी की

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच में दमदार प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत भारतीय टीम सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराने में सफल रही। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में इस मुकाबले में सिराज ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई। उन्होंने पांचवें टेस्ट मैच के अंतिम दिन शानदार प्रदर्शन किया और भारत को रोमांचक जीत दिलाने में सफल रहे।



एक टेस्ट सीरीज में
सिराज के सर्वाधिक विकेट

| विकेट | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|
| 23 | इंग्लैंड | 2025 |
| 20 | ऑस्ट्रेलिया | 2024-25 |
| 18 | इंग्लैंड | 2021-22 |

### अंतिम दिन जीत के लिए लेने थे चार विकेट

भारत ने अपनी दूसरी पारी में 396 रन बनाए और 373 रन की कुल बढ़त हासिल की और 374 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में इंग्लैंड की दूसरी पारी 367 रन पर समाप्त हुई। जो रूट की 105 रन और हैरी ब्रुक की 111 रन की पारी भी इंग्लैंड को हारने से नहीं बचा सकी। इंग्लैंड को पांचवें दिन जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी और भारत को चार विकेट चाहिए थे। सिराज ने आज तीन विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने एक विकेट लिया। सिराज ने पारी में पांच विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को चार विकेट मिले। जैसे ही सिराज ने आखिरी विकेट के रूप में एटकिंसन को यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड किया, भारतीय फैंस और खिलाड़ियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सिराज दौड़ पड़े और भारतीय खिलाड़ी उन्हें गले लगाने के लिए दौड़ पड़े।

भारत अगर सीरीज ड्रॉ कराने में सफल रहा तो इसमें सिराज का योगदान बड़ा था। भारत के स्टार तेज गेंदबाज बुमराह कार्यभार प्रबंध के कारण इस सीरीज में सिर्फ तीन मैच ही खेले। जिन दो मैचों में बुमराह नहीं खेले उसमें सिराज ने अपने दम दिखाया। सिराज ने अपने दमदार प्रदर्शन से कुछ रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। सिराज ने पांच मैचों की इस सीरीज में कुल 23 विकेट लिए जो उनका एक टेस्ट सीरीज में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। सिराज ने इंग्लैंड में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों के मामले में बुमराह की बराबरी कर ली है। बुमराह ने 2021-22 में इंग्लैंड के खिलाफ 23 विकेट लिए थे। इस सूची में तीसरे स्थान पर भुवनेश्वर कुमार हैं जिन्होंने 2014 में इंग्लैंड दौरे पर 19 विकेट चटकाए थे।

### इंग्लैंड में सर्वाधिक बार झटके चार या इससे अधिक विकेट

सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा दौरे पर सात बार पारी में चार या इससे अधिक विकेट लिए। भारतीय गेंदबाजों में यह सर्वाधिक बार है जब किसी गेंदबाज ने ऐसा किया है। सिराज ने इस मामले में बुमराह को पीछे छोड़ा। बुमराह ने पांच बार इंग्लैंड में किसी पारी में चार या इससे अधिक विकेट लिए हैं। वहीं, इस सूची में तीसरे स्थान पर ईशांत शर्मा हैं जो चार बार ऐसा कर चुके हैं, जबकि कपिल देव और मोहम्मद शमी ने तीन-तीन बार ऐसा किया है।

इतना ही नहीं, सिराज इंग्लैंड में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में कपिल देव को पीछे छोड़ दिया है। सिराज के इंग्लैंड में 46 विकेट हो गए हैं, जबकि कपिल ने इंग्लैंड में 43 विकेट लिए हैं। सिराज से आगे इस सूची में अब ईशांत शर्मा और बुमराह आगे हैं। बुमराह और ईशांत ने इंग्लैंड में 51 विकेट लिए हैं।

# टेस्ट में रनों के लिहाज से भारत की सबसे कम अंतर से जीत





**नई दिल्ली।** शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ उसी की जमीन पर टेस्ट सीरीज में ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। भारत ने लंदन के केनिंगटन ओवल में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच को जीतकर पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर दी। भारत ने इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट के अंतिम दिन छह रनों से हराया। यह भारत की टेस्ट में सबसे कम अंतर से जीत है।

### गिल की सेना ने आलोचकों को दिया जवाब

भारत ने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 374 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 367 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड को पांचवें दिन जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी और भारत को चार विकेट चाहिए थे। सिराज ने आज तीन विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने एक विकेट लिया। सिराज ने पारी में पांच विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को चार विकेट मिले। आकाश दीप ने एक विकेट लिया। शुभमन गिल की अगुआई में एक युवा टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन है। किसी क्रिकेट पंडित ने भारत को इस दौरे से पहले पसंदीदा नहीं बताया था। हालांकि, गिल की युवा टीम ने सभी आलोचकों का मुंह बंद कर सीरीज को 2-2 से ड्रॉ कराया।

### भारत की रोमांचक जीत

भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 247 रन पर समाप्त हुई थी और इंग्लिश टीम ने 23 रन की बढ़त हासिल की थी। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 396 रन बनाए और 373 रन की कुल बढ़त हासिल की और 374 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में इंग्लैंड की दूसरी पारी 367 रन पर समाप्त हुई। जो रूट की 105 रन और हैरी ब्रुक की 111 रन की पारी भी इंग्लैंड को हारने से नहीं बचा सकी। जैसे ही सिराज ने आखिरी विकेट के रूप में एटकिंसन को यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड किया, भारतीय फैंस और खिलाड़ियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सिराज दौड़ पड़े और भारतीय खिलाड़ी उन्हें गले लगाने के लिए दौड़ पड़े। भारत के लिए यह यादगार जीत है क्योंकि यह पहली बार है जब भारत ने विदेशी धरती पर टेस्ट मैच की सीरीज का पांचवां मुकाबला अपने नाम किया है।

भारत ने रोमांचक मुकाबले में जीत के साथ ही कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। भारत की यह टेस्ट में रनों के लिहाज से सबसे कम अंतर से जीत रही। टीम ने इससे पहले 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वानखेड़े टेस्ट 13 रनों से जीता था।

वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ 1972 में कोलकाता में खेले गए टेस्ट मैच को 28 रन से, जबकि 2018 में एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 31 रनों से जीत हासिल की थी। दूसरी ओर, इंग्लैंड की यह टेस्ट में कम अंतर से यह संयुक्त रूप से तीसरी हार है। इंग्लैंड को टेस्ट में सबसे कम अंतर से हार 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। उस वक्त इंग्लिश टीम को एक रन से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, 1902 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसे तीन रन से हार मिली थी। भारत से पहले 1885 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड को छह रन से हार का सामना करना पड़ा था।

# शुभमन गिल कप्तानी टेस्ट में पास या फेल? इंग्लैंड में बहुत कुछ हुआ साफ...




**नई दिल्ली:** शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम जब लगभग दो महीने पहले इंग्लैंड पहुंची थी तो कुछ प्रमुख सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में उससे ज्यादा उम्मीद नहीं की जा रही थी लेकिन इस टीम ने पांचों टेस्ट मैच में न सिर्फ उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन किया, बल्कि भविष्य के लिए एक बेहतरीन खाका भी पेश किया। विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने और मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के केवल तीन मैच के लिए उपलब्ध रहने के कारण भारतीय टीम से बहुत ज्यादा उम्मीद नहीं लगाई जा रही थी लेकिन वह परिवर्तन के इस दौर की पहली परीक्षा में सफल रही।

### शुभमन गिल हुए टेस्ट में पास

दोनों कप्तानों गिल और उनके प्रतिद्वंदी बेन स्टोक्स के शब्दों में 45 दिनों की कड़ी टक्कर के बाद 2-2 की बराबरी शायद एक उचित परिणाम है। भारत ने दो मैच गंवाए, लीड्स में पहला मैच और लॉड्र्स में तीसरा टेस्ट। इन मैच में भी भारत जीत सकता था ले किन यही वह सबक है जो युवा खिलाड़ियों को मिला है।

# मर चुकी महिला के खाते में आए 10 लाख करोड़

## इनकम टैक्स भी हैरान, बैंक ने अकाउंट किया फ्रीज




**नोएडा (करंट क्राइम)।** मर चुकी महिला के बैंक अकाउंट में 10 लाख करोड़ से ज्यादा की रकम ट्रांसफर हो गई। बेटे ने जैसे ही इतनी बड़े अमाउंट का मोबाइल पर मैसेज देखा। वह तुरंत कोटक महिंद्रा बैंक में पहुंचा। बैंक कर्मियों ने उसे बताया कि खाते को सीज कर दिया गया है। इसकी जानकारी इनकम टैक्स विभाग को दी गई है। गायत्री देवी की दो महीने पहले मौत हो गई थी। महिला का बेटा उनके खाते को अटैच कर UPI यूज कर रहा था। 3 अगस्त को उसी खाते में 1 अरब 13 लाख 55 हजार करोड़ (1001356000000.0001002356) रुपए डिपाजिट होने का मैसेज आया। इसके बाद यह खबर पूरे क्षेत्र में फैल गई। मामला ऊंची दनकौर गांव का है।

### मृतक महिला के बेटे ने बताया कि



इतनी बड़ी रकम देख घबरा गया युवक गायत्री देवी (मृतक महिला) का बेटा दिलीप (20) बेरोजगार है। उसने बताया कि मां की मौत के बाद से वह उनके बैंक खाते से अटैच UPI का यूज कर रहा था। 3 अगस्त को वह कुछ सामान खरीदने दुकान पर गया तो पेमेंट नहीं हो रहा था। इसी दौरान जब उसने बैलेंस चेक किया तो एक बड़ी रकम खाते में दिखी, जिसके बाद उसके कुछ समझ में नहीं आया। वो तुरंत कोटक महिंद्रा बैंक की उस ब्रांच में पहुंचा, जहां से यह अकाउंट चल रहा है। बैंक कर्मियों ने उससे कहा कि आप परेशान न हों। हमने खाते को फ्रीज कर दिया है। इसकी जानकारी इनकम टैक्स को भी दे दी है।

### इनकम टैक्स और पुलिस जांच में जुटी

दिलीप की मां के खाते में इतनी बड़ी रकम ट्रांसफर होने की खबर पूरे गांव में फैल गई। ग्रेटर नोएडा पुलिस और आयकर विभाग ने तुरंत मामले को संज्ञान में लिया। थाना दनकौर पुलिस ने कहा कि ठअशकवढकअस्रस्र पर टेक्निकल ग्लिच के चलते इतना बैलेंस दिखा रहा है। मामले को लेकर कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया- पुलिस इस मामले के बाकी बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। इनकम टैक्स विभाग भी इतनी बड़ी रकम के ट्रांसफर होने की जांच में जुटा है। दिलीप, जो हाल ही में अपने माता-पिता को खो चुका है, वह बेरोजगार है। बैंक शाखा प्रबंधक अभय कुमार ने बताया कि युवक के खाते में जीरो बैलेंस है। 7 दिन पहले खाते को फ्रीज कर दिया गया था। युवक के बैंक खाते में कोई रकम नहीं आई है। किसी ऐप से उसका खाता जुड़ा है। वहां 37 डिजिट की रकम दिखने की जानकारी मिली है।

# नोएडा में फर्जी लोन कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** दिल्ली एनसीआर समेत पूरे भारतवर्ष में लोन देने व पॉलिसी बेचने के नाम पर ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेन्टर का साइबर क्राइम टीम, सर्विलांस टीम और थाना फेस-वन पुलिस ने संयुक्त रूप से पदार्फाश किया है। इस कॉल सेन्टर के मध्यम से लोगों का डाटा हासिल कर उनको 9 प्रतिशत ब्याज पर लोन देने व पॉलिसी बेचने के नाम पर ठगी की जा रही थी। इस गिरोह के मास्टर माइंड पति-पत्नी फरार है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।



डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि एनसीआर क्षेत्र में फर्जी कॉल सेन्टर के माध्यम से लोन देने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक गैंग का पदार्फाश करते हुए 11 अभियुक्त विक्रम सिंह पुत्र कुलदीप सिंह, अमन पुत्र अनिल कुमार टैगौर, केशव कुमार झा पुत्र बैंजू झा, अरमान चौधरी पुत्र इम्तियाज, मोहित पुत्र सुभाषचन्द्र, राहुल सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह, फिरोज खान पुत्र शरीफ खान, राहुल कुमार वर्ष पुत्र जगदीश, अक्षय कुमार मिश्रा वर्ष पुत्र मनोज मिश्रा, पंकज सिह पुत्र गोपाल सिंह तथा दिव्या वर्ष पुत्री रुप सिंह को सेक्टर-16 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से 43 लैंडलाइन फोन, 21 मोबाइल फोन, 5 लैपटॉप, 61 सिम कार्ड, 36 सिम कार्ड के खाली लिफाफे व कस्टमरों का अनाधिकृत रूप से लिया गया डाटा की 10 फाइलें बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस के गिरफ्त में आये 11 ठगों की टोली का मास्टर माइंड कॉल सेंटर का डायरेक्टर गौरव जोशी और उनकी पत्नी नेहा है। दोनों मौके से फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है। डीसीपी नोएडा ने बताया कि कॉल सेंटर का मुख्य काम देखने वाला विक्रम सिंह ने पूछताछ के दौरान बताया कि हम लोगों को पूरे भारत वर्ष के लोगों का डाटा उपलब्ध कराया जाता था और यह लोग कस्टमर को कॉल करके उनको 0 फीसदी ब्याज पर लोन देने का झांसा देते थे।




### कौन है नदिया पार की निगम पोलिटिक्स का सूत्रधार

भगवागढ़ में जब मौहल्ला पोलिटिक्स का तूफान आया तो यहां सबसे बड़ा सैलाब नदिया के उस पार से आया। पार्षद जी से लेकर पार्षद पति ने निगम में मोर्चा खोल दिया। किसी ने कार्यकारिणी का पर्चा भर दिया तो किसी ने बैठक में हाउस टैक्स को लेकर मोर्चा खोला। जब नगर निगम में धरने पर बैठने की बेला आई तो बताते हैं कि 20 पार्षद नदिया पार से भी आये। सभी ने कहा कि मिनट्स बुक नहीं मिल रही है, ये फेयर नहीं है। और अब चर्चा इस बात को लेकर हो रहा है कि आखिर नदिया पार में नगर निगम की पोलिटिक्स का सूत्रधार कौन है। फ्लॉवर वाले ही बता रहे हैं कि यहां मामला हैवीवेट वालों का ही पूरी तरह से सेट है। उन्होंने कहा कि वो अपने सपोटर की पूरी केयर भी करते हैं और हर मौके पर फेवर भी करते हैं। निगम के सूत्र बताते है कि आप पार्षदों से लेकर निगम की ठेकेदारी तक हैवीवेट के इफैक्ट दिखेंगे। कहने वाले ने कह भी दिया कि कोई भी कितना भी फेयर हो लेकिन नदिया पार में पोलिटिक्स का सूत्रधार तो वो ही रहेंगे। मंडल अध्यक्षों से लेकर मौहल्ला प्रधानों तक जलवा उनका ही है। अगर एक बार रियलिटी चैक होगा तो मंदिर की कमेटी से लेकर आरडब्लूए तक उनके ही लोग मिलेंगे।

### रामलीलाओं में क्यों हो रही है सीता माता की जबरदस्त डिमांड

वैसे तो रामलीला में मंचन की बात करें तो कई किरदार हैं। प्रभु श्रीराम हैं, दशानन हैं, केकई है, मंथरा है, सूर्पणखा है, और मां सीता भी हैं, शबरी के बेर भी हैं। लेकिन ऐसा क्या है कि थियेटर वालों की एन्ट्री के बाद मां सीता की डिमांड बढ़ गई है। फ्लैश बैक वाले सीन से पता चल रहा है कि कोई अपने हाथों से मां सीता को पान खिला रहा था। तो संजय नगर वाले बता रहे हैं कि उनकी कमेटी का एक पदाधिकारी मां सीता से उनका मोबाईल नंबर मांग रहा था। पुराने शहर वालों ने तो मां सीता के लिए सिर्फ तीन लाख इस बात पर खर्च किये हैं कि मां सीता इसी डोली में बैठेंगी। प्रभु श्रीराम तो पुराने रथ से काम चला लेंगे लेकिन मां सीता की विदाई पर तीन लाख का खर्चा होगा। चर्चा अभी से होने लगी है कि आखिर रामलीला में और भी किरदार हैं। मगर मां सीता के किरदार वाले कलाकार की इतनी डिमांड हर रामलीला में क्यों हो रही है।

### क्यों गूंज रहा है मंडल में बूथ अध्यक्ष के डेढ़ हजार का किस्सा

फूल वालों के यहां चुनावी रण की तैयारी चल रही है। लेकिन अब किस्से जिस तरह से खुल रहे हैं उससे लग रहा है कि ये तो मोदी-योगी की हवा है वरना जमीनी स्तर पर तो मामला हवा में ही चल रहा है। लखनऊ से फोन आया तो ये राज भी खुल गया कि मंडल वाले ने बूथ अध्यक्ष बना दिया और बनने वाले बूथ अध्यक्ष को ये पता भी नहीं कि उसे बूथ अध्यक्ष बनाया गया है। एक बार फिर मामला 1500 रुपए का चर्चा में आ गया है। मौहल्ले वाले बता रहे है कि बूथ अध्यक्ष के लिए डेढ़ हजार रुपए आये थे और मंडल वाले प्रधान ने बूथ अध्यक्ष से इसका जिक्र नहीं किया। अब किस बात के डेढ़ हजार आये थे और मंडल वालो ने बूथ वालो को क्यों नहीं दिये, ये तो मंडल और बूथ वाले बेहतर जानते हैं। लेकिन फूल वाले ही पूछ रहे है कि अगर यही हाल रहा तो संगठन की मजबूती पर कमजोरी का असर पड़ेगा।

# यातायात निरीक्षक मनोज कुमार ने गरीबों को वितरित की खाद्य सामग्री





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में यातायात उप निरीक्षक मनोज कुमार जो की ट्रांस हिंडन जोन में तैनात हैं, मंगलवार को उन्होंने गरीब लोगों को खाद्य सामग्री वितरित की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों को सड़क पार करते समय सावधानी बरतने और यातायात नियमों का पालन करने का निर्देश भी दिया है। बता दें कि यातायात निरीक्षक मनोज कुमार समय-समय पर महिलाओं, छात्रों, युवाओं और बिना हेलमेट चलने वाले लोगों को यातायात नियमों का पालन करने का पाठ भी पढ़ते रहते हैं।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रबंधकारिणी बैठक आयोजित

## उपाध्यक्ष अनिल गर्ग ने 2024-25 के कार्यों की रिपोर्ट का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद की प्रबंधकारिणी बैठक संजय नगर स्थित होटल फॉर्चून में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि डॉक्टर अंजुल अग्रवाल प्रो. चांसलर एचआरआईटी रहे और विशिष्ट अतिथि इनर व्हील की अध्यक्ष सुषमा गुप्ता रहीं। ब्रांड एंबेसडर के रूप में डॉक्टर रिचा सूद नेशनल चैंपियन डिस्कस थ्रो एवं शिक्षाविद उपस्थित रही। बैठक का प्रारंभ दीप प्रज्वलन और अतिथियों को पौधा भेंट करके किया गया। इसके बाद रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष अनिल गर्ग द्वारा वर्ष 2024-25 में रेड क्रॉस के द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। मेजर डॉक्टर प्राची गर्ग, डॉ. राकेश गुप्ता एवं डॉ. दिनेश बालिगा ने रेड क्रॉस की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके बाद नवनियुक्त सलाहकारों को सम्मान प्रतीक तथा नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अंजुल अग्रवाल ने रेड क्रॉस के संगठन को मजबूत करने में स्वयं का सहयोग देना प्रस्तावित किया। इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस के चार सदस्यों - अयन गर्ग, कुणाल मुद्गल, सौम्या और आयुष जैन को भी कार्यभार सौंपा गया। इनर व्हील की अध्यक्ष ने भी रेड क्रॉस को शुभकामनाएं दीं एवं ब्रांड एंबेसडर डॉ. ऋचा सूद ने कहा कि वह तीन टी बी मरीजों के पुष्टाहार पर होने वाले खर्च का वहन करेंगी। रेड क्रॉस की सचिव डॉक्टर किरण गर्ग ने गणमान्य अतिथियों को सम्मान प्रतीक भेंट किये।

### वाहन चोर गिरोह के 4 सक्रिय सदस्यों को पुलिस ने धर दबोचा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** थाना अंकुर विहार क्षेत्र में सक्रिय वाहन चोर गिरोह का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 5 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी और मोटरसाइकिल के कई पार्ट्स बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुल्तान उर्फ मुस्कान, रहमुद्दीन, अल्लाउद्दीन उर्फ भूता और रिकू के रूप में हुई है। सभी आरोपी गाजियाबाद और दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी किए गए वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर छिपा कर रखते थे और फिर उन्हें बेच देते थे।

# अमित शाह का गृह मंत्री के रूप में सर्वाधिक कार्यकाल पूरा करने पर हार्दिक अभिनंदन : अशोक कुमार गोयल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रवाद के सजग प्रहरी अमित शाह का गृह मंत्री के रूप में सर्वाधिक कार्यकाल पूरा कर आगे बढ़ने पर हार्दिक अभिनंदन। 2014 के बाद देश में सत्ता परिवर्तन के बाद सशक्त समृद्ध स्वाभिमानी नए सुविकसित औद्योगिक हब की दिशा में पीएम मोदी, अमित शाह, सीएम योगी, राजनाथ सिंह सहित शीर्ष नेतृत्व ने देश को 370 हटाने, तीन तलक समाप्ति, राम मंदिर निर्माण, आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष, नक्सलवाद का सफाया, मातृ शक्ति को सम्मान, सीएम योगी का सुरक्षित समृद्ध कृषि युक्त औद्योगिक प्रदेश उत्तर प्रदेश, रक्षा संसाधनों का स्वदेशी उच्च गुणवत्ता युक्त निर्माण तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते विश्व ने विश्वसनीय भारत, घर में घुसकर दुश्मन को मारने वाला भारत आज दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना गया है।

भारत आज दुनिया में तीसरा देश है जिस पर अमेरिका की धमकी का कोई असर नहीं। गुजरात के लाल व्यापारी जैन परिवार के बेटे अमित शाह का उनकी उपलब्धि पर हार्दिक अभिनंदन।

### तीज महोत्सव



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नोएडा सेक्टर 45 आर डब्ल्यूए द्वारा तीज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा और कार्यक्रम की संयोजक उनकी पत्नी मीनू शर्मा ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर पुष्पांजलि महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा प्रसाद ने अपने विचार रखें। कार्यक्रम में पुष्पांजलि महिला सभा के चेयरमैन बलराज कुमार पाल को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुषमा चौहान, पिंकी, सीमा, कृष्ण, बबीता शीतल, शशि, नीरू, प्रिया, रेनू उमा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।




# फिर तलाशे जा रहे हैं थ्री-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों थ्री-स्टार और टू-स्टार वाली एक तबादला लिस्ट आई थी। इसके बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि क्राइम ब्रांच और साइबर सेल में बड़ी संख्या में इंस्पेक्टर लगाए जाने हेतु कई नए टू-स्टार और थ्री-स्टार भी तलाशे जा रहे हैं। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि क्राइम कंट्रोल करने के लिए अब क्राइम ब्रांच और साइबर क्राइम पर अधिक फोकस होने वाला है। बताया जा रहा है कि लाखों रुपए और फाइनेंशियल फ्रॉड के मामलों में प्रमुख मामले क्राइम ब्रांच के पास जाया करेंगे। पता चला है कि क्राइम ब्रांच में बड़ी संख्या में थ्री-स्टार लगाए जाएंगे ताकि वह विवेचना बेहतर ढंग से कर सकें। तो वहीं साइबर क्राइम को अब गाजियाबाद पुलिस मिशन के रूप में लेगी, इसे कंट्रोल करने से लेकर लोगों को मदद दिलाने के लिए साइबर चौपाल का आयोजन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कर दिया गया है। जिसमें ग्रामीण, नदिया पार और सिटी वाले जोन में एक-एक एसीपी अपनी कार्यशाला भी कर चुके हैं। तो वही सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही क्राइम ब्रांच वाले ऑफिस में भी कई इंस्पेक्टर नजर आ सकते हैं। बता दें कि क्राइम ब्रांच का मामला इन दिनों वैसे भी चर्चा में है। बीते दिनों एक गंभीर अपराध के मामले में यहां के थ्री-स्टार को सस्पेंड किया गया था। तो यहां नई तैनाती भी कर दी गई है। वहीं नई टीम ने जिस तरीके से दिल्ली बॉर्डर से सटे थाने वाली घटना का खुलासा किया है। तो वहीं 25000 के इनामिया का भी इलाज कर अपने हौसले बता दिए हैं। उधर बताया जा रहा है कि क्राइम ब्रांच में कई और इंस्पेक्टर जल्द भेजे जाएंगे। उनके लिए वर्किंग और सर्चिंग वाला काम भी इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चल रहा है। तो वहीं ट्रैफिक वाले सिस्टम में भी और थ्री- स्टार जल्द ही नजर आ सकते हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अभी कई स्टार ऐसे हैं जो लाइन में भी हैं। उनको लेकर भी जल्द कुछ बड़े और कड़े निर्णय होने की संभावना जाहिर की जा रही है। कुल मिलाकर अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम को नए साहब बेहतर ढंग से चलाने के लिए नई टीम और योजना बनाने पर काम कर रहे हैं ताकि क्राइम कंट्रोल से लेकर बेहतर पुलिसिंग के परिणाम दिए जा सकें। अब देखना होगा जल्द ही क्राइम और साइबर क्राइम वालों के लिए कब तक थ्री-स्टार पोस्ट किए जाते हैं। वैसे सिटी के एक थाने में डिमांड अभी बनी हुई है।



# तीन वाहन चोर गिरफ्तार स्कूटी व बाइक बरामद



**लोनी, करंट क्राइम।** थाना टीला मोड पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की एक्टिवा स्कूटी सहित दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि टीला मोड थाने की पुलिस ने चेकिंग व मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक के साथ एक वाहन चोर को पकड़ा है तथा उसे भी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। एसीपी अतुल कुमार ने बताया कि 26 जुलाई को दिल्ली झंडा कॉलोनी निवासी लीलू पुत्र गोकुल ने स्कूटी चोरी की शिकायत पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस चोरों की तलाश में थी कि चार अगस्त को रात पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी कि इसी दौरान मुखबिर ने भी सूचना दी कि एक व्यक्ति कोयल एंक्लेब सोसायटी के मेट्रो प्रोजेक्ट वाली बिल्डिंग के पास खड़ा है। स्कूटी का नंबर भी वही है जो रिपोर्ट में दर्ज है। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर चोरी की स्कूटी व दोनों चोर धर दबोचे। चोरों ने अपने नाम आकाश पुत्र महेन्द्र एवं दूसरे का नाम भी आकाश पुत्र भारत बताया पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। जबकि वाहन चेकिंग के दौरान ही कोयल एंक्लेब के सामने से मंगलवार को चोरी की बाइक के साथ चोर को गिरफ्तार कर लिया। उसने अपना नाम मोनू पुत्र चन्द्रपाल निवासी सफेद वाली गली भौपुरा बताया। पुलिस ने उसके विरुद्ध भी कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

# दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की सजा

## कोर्ट ने 20 हजार का लगाया जुमार्ना, 4 साल बाद आया फैसला




**हापुड़ (करंट क्राइम)।** अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। उन्होंने किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में दोषी रोहित को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी है। साथ ही उस पर 20,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

दरअसल, यह मामला अप्रैल 2021 का है। 7 अप्रैल को पीड़िता की मां ने कोतवाली हापुड़ नगर में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनकी नाबालिग बेटी उस दिन शाम करीब 4 बजे आधार कार्ड और मोबाइल लेकर बिना बताए घर से चली गई थी। परिवार ने उसे रिश्तेदारों और परिचितों के यहां खोजा। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने रायबरेली के नसीराबाद थाना क्षेत्र के सायपुर निवासी रोहित को गिरफ्तार किया। उस पर किशोरी का अपहरण और दुष्कर्म का आरोप था।

विशेष लोक अभियोजक हरेंद्र त्यागी के अनुसार, पुलिस ने जांच पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। सुनवाई के बाद अदालत ने रोहित को दोषी करार दिया। न्यायाधीश ने रोहित को 10 वर्ष सश्रम कारावास और 20,000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा की महानगर उपाध्यक्ष रनीता सिंह ने सावन माह में देवाधिदेव महादेव शिव के प्रति अपनी आस्था और भक्ति को सुमधुर आवाज में प्रस्तुत किया। रनीता सिंह के इस प्रयास की सभी ने प्रशंसा की और सनातन, सावन तथा शिव भक्ति से जुड़ी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# बांग्लादेश : हिंसक विद्रोह के एक वर्ष बाद भी राजनीतिक स्थिरता कोसों दूर, तमाम वादों के बाद भी हालात जस के तस



**खूनी विद्रोह में हसीना का 15 साल लंबा शासन खत्म हो गया और लेकिन उनके भागकर भारत में शरण लेने के 3 दिन बाद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला**

**ढाका ।** बांग्लादेश में पांच अगस्त को छात्रों के नेतृत्व में बड़े विद्रोह होने और पूर्व पीएम शेख हसीना के देश छोड़ने के एक साल बाद भी देश अब तक राजनीतिक स्थिरता हासिल नहीं कर पाया है। उन्होंने व्यवस्था बहाली के बाद नए चुनावों का वादा किया, लेकिन हालात जस के तस हैं।

न्यूयार्क आधारित मानवाधिकार समूह ह्यूमन राइट्स वॉच की एशिया मामलों की निदेशक मीनाक्षी गांगुली ने कहा, जो हजारों लोग एक साल पहले शेख हसीना की दमनकारी सत्ता के खिलाफ हिंसा की आशंका के बावजूद सड़कों पर उतरे थे, उनकी उम्मीदें अब भी अधूरी हैं। समूह ने कहा, अंतरिम सरकार अपनी मानवाधिकार प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में नाकाम रही है।

न चुनाव प्रक्रिया पर काम, न धार्मिक हमले कम हुए यूनुस सरकार ने 11 सुधार आयोग बनाए हैं, जिनमें एक राष्ट्रीय सहमति आयोग भी शामिल है जो प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ चुनाव प्रक्रिया पर काम कर रहा है। लेकिन अब तक चुनाव की समयसीमा और प्रक्रिया पर सहमति नहीं बन सकी है। महिलाओं व अल्पसंख्यकों पर धार्मिक चरमपंथी हमले बढ़े हैं। हालांकि, मानवाधिकार समूहों का कहना है कि जबरन गायब करने जैसी कुछ ज्यादतियां रुकी हैं, लेकिन अब मनमाने ढंग से हिरासत में लिए जाने के आरोप सामने आ रहे हैं।

बांटने वाली ताकतें उभरीं ह्यूमन राइट्स वॉच ने कहा, देश में राजनीतिक अस्थिरता का दौर अब भी जारी है। पूर्व पीएम खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने दिसंबर या फरवरी में चुनाव की मांग की है, जबकि यूनुस सरकार अप्रैल में चुनाव की बात कह रही है। प्रतिबंधित इस्लामी दलों को यूनुस सरकार में उभरने का मौका मिला। जमात-ए-इस्लामी भी बढ़ा, जिससे आशंका है कि कट्टरपंथी ताकतें देश की राजनीति को बांट सकती हैं। असली आजादी अब तक नहीं राजनीतिक विश्लेषक नजमुल अहसान कालिमुल्लाह ने कहा, इस्लामी ताकतों का उभार दिखाता है कि भविष्य में बांग्लादेश में कट्टरता की जड़ें गहराई तक जा सकती हैं। उन्होंने कहा, यूनुस सरकार से लोगों की उम्मीद थी कि वह चुनावी प्रक्रिया में सुधार को प्राथमिकता देगी, लेकिन वह अवसर चूकती नजर आ रही है। आंदोलन के वक्त अपनी खिड़की से फोन पर बात करते हुए एक गोली का शिकार बनीं मेहरुन्निसा के पिता मोशर्रफ हुसैन ने कहा, यह सिर्फ सत्ता परिवर्तन का आंदोलन नहीं था, बल्कि यह गहरी निराशा की अभिव्यक्ति था। 54 वर्षों बाद भी हमें असली आजादी नहीं मिली है।

**मुलाकात**



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद हिमांशु लव के संस्थान पर पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय कुश्ती संघ पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह का आगमन हुआ। इस मौके पर कई राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों पर चर्चा हुई। हिमांशु लव ने इस दौरान पूर्व सांसद का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुलाकात के दौरान श्री लव के सुपुत्र मनु लव, कुणाल त्यागी, अजय त्यागी एवं अंकित त्यागी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## यूके की पहली महिला प्रमुख स्टेला का निधन, 90 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस

**लंदन ।** ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी टक्क की पहली महिला प्रमुख और बाद में एक सफल थ्रिलर लेखिका बनी स्टेला रिमिंगटन का सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को निधन हो गया। उनके परिवार ने बताया कि स्टेला 90 वर्ष की स्टेला रिमिंगटन ने टक्क की पहली महिला प्रमुख बनकर इतिहास रचा। कहा जाता है कि फिल्म अभिनेत्री जूडी डेंच, जिन्होंने सात जेम्स बॉन्ड फिल्मों में टक्क की प्रमुख एम का किरदार निभाया, स्टेला की इसी भूमिका से प्रेरित थीं। पसंदीदा जीवन से आखिरी वक्त तक जुड़ी रहीं स्टेला के परिवार ने एक बयान में बताया कि रिमिंगटन ने रविवार (स्थानीय समयानुसार) को अपने परिवार और प्यारे कुत्तों के साथ शांतिपूर्वक अंतिम सांस ली। वे आखिरी वक्त तक उस जीवन से जुड़ी रहीं, जिसे वह बहुत पसंद करती थीं। स्टेला का जन्म 1935 में लंदन में हुआ था। उन्होंने एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी से अंग्रेजी की पढ़ाई की।

# परमाणु हथियारों का अंत ही शांति का रास्ता विनाश से बचे जापानी बुजुर्गों का छलका दर्द



**हिरोशिमा।** हिरोशिमा और नागासाकी पर हुए परमाणु हमलों को आज लगभग 80 साल हो चुके हैं, लेकिन इन त्रासदियों से बचे कुछ बुजुर्ग आज भी जिंदा हैं- और अब वे खुलकर बोल रहे हैं। इन लोगों को डर है कि दुनिया एक बार फिर परमाणु खतरे की ओर बढ़ रही है, और नेता इन हथियारों को स्वीकार करने लगे हैं।

1945 की वो भयानक सुबह 6 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर पहला परमाणु बम गिराया था। तीन दिन बाद 9 अगस्त को नागासाकी पर दूसरा बम गिराया गया। साल के अंत तक इन बमबारी में करीब 2 लाख लोग मारे गए थे। हजारों लोग बच तो गए, लेकिन रेडिएशन की वजह से जीवन भर बीमारियों से जूझते रहे। कुनिहिको ईदाः 60 साल बाद बोलने की हिम्मत जुटाई 83 वर्षीय कुनिहिको ईदा, जब बम गिरा, तब वे केवल 3 साल के थे। वह अपनी मां के मायके वाले घर में थे, जो धमाके के केंद्र से सिर्फ 900 मीटर दूर था। विस्फोट इतना जोरदार था कि उन्हें लगा जैसे कोई इमारत उन पर गिर गई हो। उनके पूरे शरीर में कांच के टुकड़े चुभ गए थे। वे चिल्लाना चाहते थे - 'मां, बचाओ!', लेकिन आवाज ही नहीं निकल रही थी। उनके दादा ने उन्हें मलबे से बाहर निकाला। एक महीने के भीतर उनकी मां और बहन की मौत हो गई। उन्हें भी स्कूल के दिनों तक रेडिएशन की वजह से कई स्वास्थ्य समस्याएं रहीं।

ईदा ने 60 साल बाद पहली बार हिरोशिमा के शांति पार्क का दौरा किया, जब उनकी बूढ़ी मौसी ने साथ चलने की गुजारिश की। फिर उन्होंने फैसला किया कि वे अपनी कहानी दुनिया को बताएंगे, लेकिन ऐसा कर पाना आसान नहीं था। शुरू में वे बोलते समय भावनाओं में बह जाते थे। उन्हें मंच पर बोलने में कई साल लग गए। अब वे हिरोशिमा शांति स्मारक पार्क में गाइड के तौर पर विदेशी आगंतुकों को परमाणु हमले की सच्चाई बताते हैं। वे हाल ही में पेरिस, लंदन और वारसॉ में छात्रों से मिले। वहां उन्हें काफी समर्थन और तालियां मिलीं। ईदा कहते हैं, 'परमाणु हथियार अगर चलाए जाते हैं, तो दोनों पक्ष खत्म हो जाएंगे। और जहर छोड़ जाएंगे, जो सदियों तक मिटेगा नहीं। इसलिए एक ही रास्ता है परमाणु हथियारों का अंत।' 86 वर्षीय फुमिको डोई को आज भी लगता है कि अगर वो ट्रेन समय पर पहुंच जाती।

# डबलिन में भारतीय मूल के टैक्सी चालक पर हमला, वारदात की जांच कर रही पुलिस




**डबलिन ।** आयरलैंड में एक भारतीय मूल के टैक्सी ड्राइवर पर राजधानी डबलिन में हमला किया गया। 23 साल से ज्यादा समय से यहां रह रहे टैक्सी चालक पर बिना किसी उकसावे के हमला किया गया। स्थानीय पुलिस (गार्डाई) ने इस हिंसक हमले की जांच शुरू कर दी है। 40 वर्षीय लखवीर सिंह ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने शुक्रवार रात 20 साल के दो युवकों को डबलिन के बैलीमुन उपनगर स्थित पॉपिनट्री में छोड़ा था। गंतव्य पर पहुंचने के बाद उन लोगों ने गाड़ी का दरवाजा खोला और उनके सिर पर बोतल से दो बार वार किए। भागते समय संदिग्धों ने कथित तौर पर चिल्लाते हुए कहाः 'अपने देश वापस जाओ।' लखवीर ने 'डबलिन लाइव' को बताया, '10 साल में मैंने ऐसा कुछ कभी नहीं देखा। मैं अब बहुत डरा हुआ हूं और इस समय मैं काम नहीं कर रहा हूं। वापस जाना बहुत मुश्किल होगा। मेरे बच्चे बहुत डरे हुए हैं।'

डबलिन पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि लखबीर को शहर के ब्यूमोंट अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी चोटों पर मरहम-पट्टी की गई और जख्म को जानलेवा नहीं माना गया। गार्डाई हमले की जांच कर रहे हैं। हमला शुक्रवार, 1 अगस्त 2025 को रात लगभग 11:45 बजे पॉपिनट्री, बैलीमुन, डबलिन 11 में हुआ था।

घटना शुक्रवार को जारी भारतीय दूतावास की एक एडवाइजरी के बाद हुई, जिसमें राजधानी डबलिन और उसके आसपास हुए हालिया हमलों के बाद सुरक्षा संबंधी चिंताएं व्यक्त की गईं और भारतीय नागरिकों से सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतने का आग्रह किया गया। इसमें कहा गया कि हाल ही में आयरलैंड में भारतीय नागरिकों पर शारीरिक हमलों की घटनाओं में वृद्धि हुई है। दूतावास इस संबंध में आयरलैंड के संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। साथ ही आयरलैंड में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए उचित सावधानी बरतें और सुनसान इलाकों में जाने से बचें।

# रूस के छाया बेड़े पर कार्रवाई की योजना बना रहीं ब्रिटिश खुफिया एजेंसियां, मॉस्को ने दी चेतावनी



**रूसी विदेशी खुफिया एजेंसी (एसवीआर) ने दावा किया है कि ब्रिटेन की खुफिया एजेंसियां, नाटो सहयोगियों के साथ मिलकर रूस के छाया बेड़े के खिलाफ कार्रवाई की योजना बना रही हैं**

**मॉस्को ।** रूस ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा हुआ तो इससे अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में आपदा आ सकती है। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि अमेरिका, रूस के ऊर्जा खरीददारों पर प्रतिबंध लगाने के लिए और उन्हें मजबूर करने के लिए बड़ी कार्रवाई कर सकता है।

बयान में कहा गया है कि ब्रिटिश खुफिया एजेंसियों की ये योजना अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पारिस्थितिकी आपदा ला सकती है। रूसी खुफिया एजेंसियों का कहना है कि ब्रिटेन की सरकार अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिवहन के संकरे इलाकों जैसे जलडमरूमध्य में जानबूझकर जहाजों को दुर्घटनाग्रस्त कर सकती है, इससे रास्ता कुछ समय के लिए बाधित हो जाएगा और पश्चिमी देशों की सेनाओं को मेरीटाइम सुरक्षा और पर्यावरणीय नियमों की आड़ में छोटे जहाजों की जांच का मौका मिल जाएगा।

रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका और पश्चिमी देशों ने रूस पर कई तरह के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। इन प्रतिबंधों के चलते रूस के लिए अंतरराष्ट्रीय शिपिंग नियमों के तहत अपना कच्चा तेल बेचना मुश्किल हो गया है। युद्ध के लिए धन जुटाने के लिए रूस का कच्चे तेल की बिक्री करना बेहद जरूरी है। ऐसे में नियमों का पालन किए बिना तेल बेचते रहने और पैसा कमाते रहने के लिए, रूस ने इस छाया बेड़े का निर्माण किया।

रूस के छाया बेड़े में पुराने जहाज शामिल हैं, जिनमें से ज्यादातर तेल टैंकर हैं। इनका इस्तेमाल रूस की सरकार पश्चिमी प्रतिबंधों से बचते हुए गुप्त तरीके से दुनिया भर में तेल निर्यात करने के लिए करती है। ये जहाज अपनी गतिविधियों को छिपाते हैं, बार-बार झंडे बदलते हैं, और फर्जी नामों या मालिकों के नाम से काम करते हैं। इन्हें ही छाया बेड़ा कहा जाता है। इन्हें ट्रैक करना मुश्किल है क्योंकि ये अंतरराष्ट्रीय शिपिंग नियमों के बाहर होते हैं। इन टैंकर जहाजों में कई जहाज पुराने होते हैं, जिन्हें सेकेंडहैंड खरीदा होता है।

# अमेरिका में ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला खेलों के लिए नहीं मिलेगा वीजा



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार रूप से अमेरिकी वीजा को लेकर नए और सख्त कानून लाने की प्रक्रिया तेज कर चुके है। जहां अब वीजा ओवरस्टे के बाद ट्रंप प्रशासन ने खेल वीजा को लेकर भी एक नया नियम लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत बताया गया है अब ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिलाओं के खेलों में हिस्सा लेने के लिए वीजा नहीं मिलेगा। प्रशासन के अनुसार इस नियम का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं के खेलों में केवल महिला खिलाड़ी ही भाग लें। इस नए नियम को अमेरिकी की नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईसी) ने जारी किया है।

बता दें कि यह नया नियम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश कीप मेन आउट वूमेन स्पोर्ट्स (पुरुषों को महिलाओं के खेलों से बाहर रखें) के अनुसार बनाया गया है। इस आदेश में कहा गया है कि जो पुरुष खिलाड़ी महिलाओं के खेलों में हिस्सा लेने के लिए अपने लिंग पहचान को बदलते हैं, उन्हें अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

मामले में यूएससीआईएस ने बताया कि अब कुछ खास वीजा कैटेगरी जैसे ओ-1अ, ई11, ई21 और नेशनल इंटरेस्ट वाइवर्स (एनआईडब्ल्यूएस) में बदलाव किया गया है ताकि खेल में सभी महिलाओं को समान मौका मिले। यूएससीआईएस के प्रवक्ता मैथ्यू ट्रैगेसर ने कहा कि पुरुष महिलाओं के खेलों में नहीं होने चाहिए। यह नियम उन पुरुष खिलाड़ियों को रोकने के लिए है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई धमकी भारत अच्छा साझेदार नहीं, 24 घंटे में बढ़ाएंगे टैरिफ



**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर टैरिफ को लेकर भारत को धमकी दी है। भारत-रूस संबंधों को लेकर भड़के ट्रंप ने कहा कि भारत अब अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा। भारत पर अगले 24 घंटे में टैरिफ बढ़ाए जाएंगे। ट्रंप ने अमेरिकी मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत सबसे अधिक टैरिफ वाला देश है। बता दें कि अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया, जो सात अगस्त से लागू होना है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत हमारे साथ व्यापार करता है, लेकिन हम उसके साथ व्यापार नहीं करते। हमने 25 फीसदी टैरिफ पर समझौता किया था, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अगले 24 घंटे में इसे काफी हद तक बढ़ा दूंगा, क्योंकि भारत रूस से तेल खरीद रहा है। वे रूसी युद्ध मशीन को ईंधन दे रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि भारत के टैरिफ किसी भी देश की तुलना में सबसे ज्यादा हैं।

इससे पहले ट्रंप ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा था कि भारत रूस से भारी मात्रा में तेल सिर्फ खरीद ही नहीं रहा है, बल्कि उस तेल के बड़े हिस्से को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा भी कमा रहा है। इसके साथ ही ट्रंप ने कहा, भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि यूक्रेन में रूस की युद्ध मशीन कितने लोगों की जान ले रही है। इसी वजह से मैं भारत से अमेरिका को दिए जाने वाले शुल्क को काफी बढ़ाने जा रहा हूं। इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद! विदेश मंत्रालय ने दिया जवाब इसके बाद ट्रंप की टैरिफ धमकी पर विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने रूस से तेल इसलिए खरीदा क्योंकि पहले जहां से तेल आता था, वहां का तेल युद्ध के कारण अब यूरोप को भेजा जाने लगा था। उस समय अमेरिका ने भी भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया था, ताकि वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनी रहे। भारत जो भी तेल रूस से मंगवा रहा है, उसका मकसद यही है कि देश में उपभोक्ताओं को सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा मिल सके। रूस से तेल आयात करना भारत की एक मजबूरी है, जो वैश्विक बाजार की स्थिति के कारण है। उन्होंने यह भी कहा कि जो देश भारत की आलोचना कर रहे हैं, वही खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं।

### अप्रैल में किया था टैरिफ का एलान

2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने उन देशों से आयात पर 50 प्रतिशत तक पारस्परिक कर लगाने और लगभग सभी अन्य देशों पर 10 प्रतिशत आधारभूत कर लगाने की घोषणा की, जिनके साथ अमेरिका का व्यापार घाटा है। उन्होंने व्यापार घाटे को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने के लिए 1977 के एक कानून का हवाला दिया।।

# मध्य मेक्सिको में बरामद हुए गुप्त रूप से दफनाए गए 32 शव, इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही हिंसा



**मेक्सिको सिटी ।** मध्य मेक्सिको के गुआनाजुआतो राज्य के अधिकारियों ने बताया कि इरापुआतो इलाके में एक सरकारी जमीन से 32 शव बरामद किए गए हैं। इन शवों को गुप्त तरीके से दफनाया गया था। बरामद किए गए शवों में से आधों की पहचान हो चुकी है। बाकी शवों की पहचान की कोशिश की जा रही है। जिस इलाके में कब्रें मिली हैं, वह इलाका लंबे समय से हिंसा की चपेट में है।

### शवों की पहचान की चल रही कोशिश

गुआनाजुआतो राज्य अभियोजक कार्यालय ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया कि ये शव मेक्सिको सिटी से लगभग 320 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में, इरापुआतो में ला कैलेरा समुदाय की संपत्ति पर गुप्त कब्रों में पाए गए। अभियोजकों ने बताया कि फोरेंसिक टीमें 30 जुलाई से घटनास्थल पर काम कर रही थीं। अधिकारी शेष शवों की पहचान करने में जुटे हैं।

### गुआनाजुआतो राज्य में चल रही हिंसा

इरापुआतो में करीब दो महीने पहले एक पार्टी में सामूहिक गोलीबारी की घटना हुई थी। जिसमें 12 लोगों की मौत की हुई थी। उस घटना के बाद अब यहां शवों के मिलने को सामूहिक गोलीबारी की घटना से जोड़कर देखा जा रहा है। गुआनाजुआतो राज्य में हाल के वर्षों में लगातार हिंसा देखी गई है। यहां शक्तिशाली जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल का स्थानीय सांता रोजा डे लीमा संगठित अपराध समूह के साथ लड़ाई चल रही है। जनवरी से जुलाई तक राज्य में 1,500 से ज्यादा हत्याएँ दर्ज की गईं। संगठित अपराध समूह अक्सर अपने समूह से जुड़े लोगों को उनकी मौत के बाद गुप्त कब्रों में दफना देते हैं। मेक्सिको सरकार के अनुसार, देश में लापता लोगों की वर्तमान संख्या लगभग 1,32,000 है।

# जनपदवासियों ने किया नवनियुक्त डीएम रविन्द्र कुमार का स्वागत

## जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई, किया कलेक्ट्रेट व विकास भवन परिसर का निरीक्षण









### कलेक्ट्रेट में यातायात व पार्किंग व्यवस्था के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवनियुक्त जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर पर जनपद के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्होंने कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्किंग व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में यातायात व्यवस्था व्यवस्थित हो तथा अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आगंतुकों को पार्किंग संबंधी कोई असुविधा न होने पाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, अपर जिलाधिकारी नगर विकास कश्यप, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'संभव' के अंतर्गत नगर आयुक्त ने सुनी जनसमस्याएं, प्राप्त हुए 18 संदर्भ

## जलकल विभाग संबंधित अधिकांश संदर्भ हुए प्राप्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निगम अधिकारियों सहित जन समस्याओं को सुना गया, संभव के अंतर्गत 18 संदर्भ प्राप्त हुए। अधिकांश संदर्भ जलकल विभाग से प्राप्त हुए जिन पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु नगर आयुक्त द्वारा महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद को निर्देशित किया तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए तद दिवस में ही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी कहा गया।

### महाप्रबंधक जल को नगर आयुक्त ने दिए कड़े निर्देश

**करंट क्राइम।** निर्माण विभाग से पांच, उद्यान विभाग से एक संदर्भ, प्रकाश विभाग से चार संदर्भ, टैक्स विभाग से एक संदर्भ, जलकल विभाग से पांच संदर्भ तथा संपत्ति विभाग से दो संदर्भ प्राप्त हुए। सभी विभाग के संबंधित अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे। अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव तथा संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश द्वारा प्राप्त जन समस्याओं पर अधिकारियों से समन्वय करते हुए समस्याओं के समाधान के लिए कार्यवाही कराई गई। प्राप्त शिकायतों के तत्काल समाधान के लिए नगर आयुक्त द्वारा महाप्रबंधक जल तथा निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता निर्माण को विशेष रूप से समस्याओं के समाधान पर कार्यवाही करने की निर्देश दिए तथा चल रहे कार्यों पर मॉनिटरिंग बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आजकल कोई भगवागढ़ का बड़ा चेहरा मार रहा है जगह-जगह जाकर शब्दों की ये चोट? आने वाले विधानसभा चुनाव में एक जनप्रतिनिधि अपने पुत्र को कर सकते हैं प्रमोट? वो फिलहाल तो पहला दिखाकर चल रहे हैं अपना गेम? मगर अंदरखाने तैयार किया हुआ है उन्होंने दूसरा प्रेम? कहने वाले ने कहा अगर ये बात थोड़ी भी सच है? तो फिर डिस्टर्ब हो सकता है एक प्रमुख चेहरे का क्लेम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं आपको एक बात चाहता हूं बताना? आजकल खूब चल रहा है दो गोयल्स के बीच बढ़िया वाला याराना? हमें पता है कि कुछ दिन पहले थे दोनों के बीच में दूरियां? फिर बिरादरी के एक चेहरे की वजह से खत्म करनी पड़ी दूरियों वाली मजबूरियां? सुना है आजकल ये दोनों खूब बैठते हैं साथ? घंटों होती है कई विषयों पर आपस में बात? अब समझने वाले समझ जायें इस मुलाकात का तर्क? वैसे पता तो होगा ही उनको? क्योंकि उन्हें यूं ही नहीं कहा जाता है मिस्टर ........?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्या भगवा योद्धा की लिस्ट से हो गया है गाजियाबाद का एक कॉलेज कट? हम देख रहे हैं कि इस कॉलेज में वो लंबे समय से नहीं कर रहे हैं प्रोग्राम? या तो फोकस जानकी जी के भवन पर रहता है? या रहता है किसी और ही स्थान पर ध्यान? कहने वाले ने कहा कि कुछ तो इस कॉलेज से दूरियां बनाने की वजह है? कुछ तो हुई है ऐसी बात जिसमें दोनों में से किसी एक की रजा है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अब ये बात कितनी सही है या कितनी है गलत? हम देख रहे हैं आजकल कमांडर के दोस्त रेस्लर चल रहे हैं कुछ अलग? दोनों अलग-अलग होते हैं सफर से सवार? फिर कुछ रोचक घटना घटती है यार? हमने देखा जब की थी कमांडर ने पहलवान के बिना उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों की यात्रा? उनके यात्रा के लौटने के बाद पहलवान ने पूरी की सभी यात्रा की मात्रा? जिस-जिस धार्मिक स्थल पर रखा था कमांडर ने कदम? वहां पहुंच कर दिये बाद में पहलवान ने दीदार? इस कॉपी-पेस्ट की क्या रही वजह? हमें समझ नहीं आ रहा है यार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ ऐसा ही हमने देखा लाईन पार में भी नजारा? कुछ ऐसा ही सीन हमें दिखाई दिया दोबारा? हमने देखा एक दिन पहले भगवा पहलवान ने दी मैम्बर गोपाल सिसौदिया के यहां पर दस्तक? अगले ही दिन पड़ोस वाले मैम्बर संतराम के यहां पर दिखाई दिया भगवा कमांडर का मस्तक? कहने वाले ने कहा वैसे तो दोनों के हैं एक से जज्बात? फिर आखिर क्या वजह है कि जो नहीं जा रहे हैं दोंनो कहीं पर भी एक साथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चलो जब आप हो ही रहे हो सवालों में पहलवान और पहलवान के दोस्त पर मेहरबान? तो फिर एक सवाल और लिख दो श्रीमान? करा दो इस बात का एहसास शायद पहलवान इसलिए भी खफा है? उन्हें अध्यक्ष का सिंहासन दिखाकर एयरपोर्ट वाले मैम्बर का लॉलीपोप टिका दिया गया साहब? कहने वाले ने कहा ज्यादा कुरेदोगो तो बाहर आ जायेंगे सारे अरमान? पहलवान भले ही बाहर से कठोर लगते हों मगर अंदर से कच्चा नारियल है उनका दिल का सामान? वो भले ही कुछ ना बोल रहे हों, मगर दूरियों की यही वजह बताई जा रही है साहिबान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जो-जो मंडल वाले भगवा कमिश्नर इस वक्त खुद को दिखा रहे हैं विधायक का खास? सुना है जल्दी कटने वाली है उनकी ये हरी वाली घास? वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब से मिलकर किसी ने कर लिया है प्लान-बी तैयार? विधायकों के चहेते मंडल अध्यक्षों के सिर पर अब किया जायेगा संयोजकों को सवार? बस इंतजार में हैं प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा? उसके बाद लागू कर दी जायेगी ये वाली योजना?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने कई बार लगाये हैं उस वक्त कमांडर के फोन पर अपने कान? जब वो किसी कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे होते हैं और उनके दो-तीन खास चेहरे फोन पिकअप करने की जिम्मेदारी निभा रहे होते हैं श्रीमान? हमने देखे हैं अक्सर ये हालात? योद्धा के साथ वाला कोई चेहरा अगर कमांडर को फोन करता है तो ये रिटर्न में नहीं कराते हैं उनकी बात? कॉल को कर देते हैं ये सोच-समझकर मिस? ये चाहते हैं शायद कि कमांडर का मामला इन चेहरों से रहे डिसमिस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सिर्फ ब्लॉक वाले प्रमुख साहब को नहीं दी है विधायक अजीतपाल त्यागी ने फेसबुक पर आकर ओपनली बधाई? हम देख रहे हैं उनका ये अंदाज और भी चेहरों के साथ दे रहा है दिखाई? वो भी अब अपने समर्थकों के साथ फोटो डालकर देते हैं बधाई-संदेश? सोशल मीडिया के अनुसार उन्होंने तैयार कर लिया है अपना फेस? कहने वाले ने कहा विधायक जी ने ये मुहिम अच्छी शुरू की है? ऐसा करने से खुश हो जाते हैं उनके समर्थकों के फेस?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** यूं ही नहीं बढ़े है डेढ़ा भैया के नंबर? भगवा योद्धा लेकर गये थे प्रदेश वाले चौधरी साहब को उनके घर के अंदर? कहने वाले ने कहा ऐसा होने से कुछ गुर्जर चेहरे बेचैनी कर रहे हैं फील? कहने वाले ने कहा जो समझदार हैं वो समझ जायें? ठोकने वाले ठोक दी हैं ऐसा करके ताबूत में अंतिम कील?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# पीएम मोदी के 11 साल सभी के लिए बेमिसाल : ललित कश्यप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद ललित कश्यप ने कहा कि पीएम मोदी के 11 सालों का सफर बहुत ही शानदार रहा है। 11 साल सभी के लिए बेमिसाल रहे हैं। मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत विश्व के लिए रोल मॉडल बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, कृषि सुधार, महिला सशक्तिकरण पर जोर देने के साथ-साथ युवाओं के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया गया है। यही कारण रहा है कि जब कोरोना के समय में विश्व में महंगाई जोर पकड़ रही थी और आर्थिक विकास की गति कम हो रही थी इसके उलट भारत में आर्थिक गति तेज और महंगाई कम रही। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, संकल्प और उनकी सोच के कारण संभव हो पाया है।

# विजय नगर में प्राधिकरण भीमाबाई पार्क को 'संविधान स्मृति पार्क' के रूप में करेगा विकसित

## प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स और सदर विधायक संजीव शर्मा की उपस्थिति में दिया गया प्रस्तुतिकरण

- संविधान निर्माताओं व अन्य महापुरुषों के बारे में जान सकेंगे लोग।
- बच्चों के खेल-कूद की व्यवस्था की जायेगी सुनिश्चित।



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण लाइनपार के 1.48 हेक्टेयर के भीमाबाई पार्क को संविधान स्मृति पार्क के रूप में विकसित करेगा। इस कड़ी में प्राधिकरण के सभागार में प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स एवं सदर विधायक संजीव शर्मा की उपस्थिति में प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस बीच तय हुआ कि पार्क में संविधान गैलरी पाथवे के तौर पर रखी जायेगी और संविधान की बड़ी स्मृति लगाई जाएगी। इसके साथ साथ साहित्य वाटिका होगी और संविधान निर्माताओं की स्मृतियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की जा सकेगी। बच्चों के मनोरंजन के लिए भी स्थल उपलब्ध होगा और भविष्य में किसी तरह की सभा आदि का आयोजन हो सकें इसके लिए भी स्थल रखा जायेगा।

पार्क के एक हिस्से में भीमाबाई की भी स्टेचू भी स्थापित की जाएगी। बैठक के दौरान तय हुआ कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण इस पूरी परियोजना को धरातल पर साकार करने के लिए जल्द आरएफपी (ईओआई ) अपलोड करेगा, ताकि अनुभवी एजेंसी के माध्यम से पार्क को विकसित किया जा सके। बैठक के दौरान प्रतीक ग्रैंड सिटी से लगे चैराहे को भी यातायात के दबाव के मद्देनजर भविष्य में जाम की समस्या दूर हो सके इसके सौंदर्यकरण करने का फैसला लिया गया। इसके लिए प्राधिकरण के द्वारा जल्द डिजाइन तैयार कराया जाएगा। विधायक संजीव शर्मा के द्वारा प्राधिकरण से भीमाबाई पार्क व जंक्शन को विकसित कराए जाने के लिए हाल ही में प्रस्ताव भेजा गया था।

# शहर में जल निकासी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन के कार्यों को बढ़ावा दे रहा है निगम

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सदरपुर स्थित तालाब का किया निरीक्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा जहां शहर में जल निकासी के प्रबंध किए जा रहे हैं वहीं गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों के माध्यम से जल संचयन को बढ़ाया जा रहा है जिसके क्रम में जलकल विभाग द्वारा तालाबों के सौंदर्यकरण तथा तालाबों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कवि नगर जोन स्थित सदरपुर के तालाब का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर सदरपुर निवासियों से वार्ता करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद भी मौके पर उपस्थित रहे। सदरपुर वार्ड संख्या 30 से ओमवीर भी मौके पर उपस्थित रहे। नगर आयुक्त सहित सभी निगम अधिकारियों तथा निवासियों द्वारा तालाब पर पौधरोपण कर जन-जन को पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया।

### नगर आयुक्त ने क्षेत्रवासियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**करंट क्राइम।** महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा बताया गया कि महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देशन में गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले अनेक तालाबों पर स्वच्छता का अभियान चलाते हुए कार्यवाही की जा रही है तथा उनके सौंदर्यकरण तथा उनका व्यवस्थित करने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। सदरपुर गांव स्थित तालाब जो कि पांच एकड़ है। नेचररूट्स इनोवेशंस के द्वारा तालाब की सफाई का कार्य, तालाब के चारों तरफ वाकिंग ट्रेक का कार्य, तालाब से जलकुंभी निकालने का कार्य, तालाब पर जल शोधन हेतु ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का कार्य तथा तालाब के चारों तरफ प्लांटेशन का कार्य भी कराया गया है जिसमें क्षेत्रवासियों द्वारा भी विशेष रुचि दिखाते हुए सहयोग किया गया। नगर आयुक्त ने क्षेत्रवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। मौके पर नेचररूट्स इनोवेशंस से डॉक्टर कल्पना अरोड़ा तथा नमस्ते इंडिया फूड से ममता भी उपस्थित रहीं। जलकल विभाग से आस कुमार द्वारा कार्यक्रम में विशेष सहयोग किया गया।



### सदरपुर वासियों ने तालाब के सौंदर्यकरण पर नगर निगम का किया धन्यवाद

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त द्वारा सदरपुर क्षेत्र वासियों से वार्ता करते हुए तालाब की स्वच्छता और सौंदर्यकरण को बनाए रखने के लिए अपील की गई। क्षेत्र वासियों ने बताया प्रतिदिन तालाब के सौंदर्यकरण के बाद क्षेत्रवासियों को लाभ मिल रहा है। क्षेत्रवासियों द्वारा मॉर्निंग वॉक भी की जाती है, तथा शाम को भी बुजुर्ग युवा तथा बच्चे सभी तालाब के आसपास घूमते हैं और अच्छे वातावरण का लाभ उठाते हैं सभी क्षेत्रवासियों ने पार्षद सहित गाजियाबाद नगर निगम द्वारा तालाब पर बनाई गई अच्छी व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अपना विषय रखा। आस्था वेलफेयर सोसाइटी से वीना विरमानी और मोहित विरमानी भी मौके पर रहे। सदरपुर वासियों ने तालाब के सौंदर्यकरण पर नगर निगम का धन्यवाद किया। नगर आयुक्त द्वारा सभी क्षेत्रवासियों तथा संबंधित सहयोगियों को भी बेहतर कार्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# इंदिरापुरम क्षेत्र के ग्राम कनावनी में अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में अवैध निर्माण/अतिक्रमण/अवैध कब्जे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी एवं प्रभारी प्रवर्तन जोन-6 के नेतृत्व में मंगलवार को इंदिरापुरम योजना के अन्तर्गत खसरा संख्या-562, ग्राम कनावनी डूबक्षेत्र पुस्ता रोड, इंदिरापुरम गाजियाबाद पर निर्माणकर्ता राजेन्द्र नागर द्वारा अवैध रूप से कराये गये निर्माण पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान अवैध निर्माणकर्ताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्रवाई के द्वारा नियंत्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-6 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति प्राप्त किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से किये गये निर्माण के विरुद्ध सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-6 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्रवाई किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# गाजियाबाद पुलिस ने लौटाई खुशियां : एक साल के अपहृत बच्चे को तीन घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी क्षेत्र की पूजा कॉलोनी में सोमवार दोपहर एक साल के मासूम बच्चे का अपहरण कर लिया गया था। इस सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बच्चे के पिता राशिद ने दोपहर करीब 3 बजे ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस को अपहरण की सूचना दी। सूचना मिलते ही एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम के नेतृत्व में थाना ट्रॉनिका सिटी प्रभारी सरवन कुमार और उनकी टीम हरकत में आ गई।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कॉलोनी और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए और कुछ ही घंटों में बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया। थाना प्रभारी सरवन कुमार जब बच्चे को गोद में लेकर पुलिस चौकी पहुंचे, तो वहां मौजूद माता-पिता की आंखों से आंसू छलक पड़े।

भावुक पिता ने कहा, हमें उम्मीद नहीं थी कि अब अपने बच्चे को दोबारा देख पाएंगे, लेकिन गाजियाबाद पुलिस ने हमें वो खुशी लौटाई है जो हमारे लिए सब कुछ है। बच्चे की मां भी बेटे को पाकर रो पड़ीं और दोनों पति-पत्नी ने पुलिस का तहे दिल से आभार जताया।

बच्चे को गोद में लिए सरवन कुमार की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही हैं, जिसमें वे मानवता और जिम्मेदारी का प्रतीक बनकर उभरे हैं।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस टीम को अलर्ट कर सर्च ऑपरेशन चलाया गया था। बच्चे को सुरक्षित ढूंढ लिया गया है। हालांकि, अपहरणकर्ता अभी गिरफ्त से बाहर है, लेकिन जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।